RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 350 | WEDNESDAY DATE 07-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

ऊपर तक अपनी पहुंच, असरदार हम लोग।
जब फंसते तो लिंक का, करते हम उपयोग।
करते हम उपयोग, फिरें हम दन-दन करते।
भले कटे चालान, किसी से हम ना डरते।
कह साहिल कविराय, कौन है हम से सूपर।
नीचे ट्रैफिक रूल्स, रूल्स से हैं हम ऊपर।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## वीबी-जी राम जी का विरोध करना विपक्ष की मजबूरी वरना खुल जाएगी पोलः योगी आदित्यनाथ

» **लखनऊ, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित भारतझजी राम जी कानून, 2025 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस ऐतिहासिक सुधार का स्वागत होना चाहिए था, उसी का विरोध कर विपक्ष अपने पुराने भ्रष्टाचार मॉडल का खुला समर्थन कर रहा है। यह विरोध विकास का नहीं, बल्कि पोल खुलने के डर का परिणाम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस प्रेस वार्ता की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि जिन लोगों ने वर्षों तक देश के संसाधनों पर डकैती डाली, गरीबों को भूखा रहने और नौजवानों को पलायन के लिए मजबूर किया, वे आज सुधारों और विकसित भारत की संकल्पना पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर ऐसे लोग कानून का समर्थन करेंगे तो उनकी असलियत सामने आ जाएगी, इसलिए वे विरोध कर रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन इस अधिनियम पर लगातार प्रश्न खड़े कर रहे हैं, जबकि यह ग्रामीण भारत, किसानों और श्रमिकों के हित में उठाया गया बड़ा कदम है। एनडीए सरकार का आभार जताने के बजाय विपक्ष भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करने वाली अपनी पुरानी परंपराओं का ही समर्थन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत की परिकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब राज्य विकसित होंगे और राज्य तभी विकसित होंगे, जब गांव विकसित होंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान देना इस अधिनियम का मूल उद्देश्य है। इसी लक्ष्य के साथ यह कानून लाया गया है और वह इसका पूर्ण समर्थन करते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की विफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में अधूरी और अस्थायी परिसंपत्तियां, फर्जी हाजिरी, भुगतान में कटौती जैसी भ्रष्टाचार की शिकायतें हर जनपद और हर ग्राम पंचायत से सामने आती थीं। शिकायत निवारण की कमजोर व्यवस्था, कमजोर सोशल ऑडिट, प्रशासनिक अक्षमताएं और मजदूरी में लगातार देरी आम बात थी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विधानसभा में क्यों लगे अरविंद केजरीवाल माफी मांगो के नारे

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।** दिल्ली विधानसभा सत्र का दूसरा दिन मंगलवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। हंगामा इतना बढ़ गया कि स्पीकर को आधे घंटे के लिए सदन को स्थगित करना पड़ा है। बीजेपी नेताओं ने सदन के अंदर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल माफी मांगो के नारे लगाए जिससे विधानसभा के अंदर माहौल गरमा गया। शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित तमाम विधायकों का कहना है कि केजरीवाल और उनकी पार्टी आप ने कुत्तों की गिनती के लिए सरकारी टीचरों की नियुक्ति को लेकर झूठ फैलाया, जबकि ऐसा कोई सर्कुलर जारी नहीं हुआ है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री सूद ने दिल्ली विधानसभा शुरू होने से पहले ही कुत्तों की गिनती के लिए सरकारी टीचरों वाले मामले पर बात की थी। सूद ने सोमवार को पूर्व सीएम केजरीवाल को पत्र भी लिखा था। इसके बाद मंगलवार को विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होते ही बीजेपी विधायक मुखर हो गए। सब सदन के बाहर बैनर लिए नारेबाजी जारी है। कुत्ते के मामले को लेकर झूठ फैलाने के लिए उनसे माफी मांगने को कहा जा रहा है।

### पत्नी ने किया शराब पीने का विरोध तो जनरेटर के हत्थे से वार कर मार डाला

**आगरा, यूटर्न/ 06 जनवरी।** अछनेरा के गांव नया बांस में मंगलवार तड़के पति खमान सिंह ने शराब पीने का विरोध करने पर जनरेटर के हत्थे से पत्नी संजू के सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति ने पुलिस और जयपुर में रहने वाले बेटे को इसकी सूचना दी। पुलिस के मुताबिक पति नशे का आदी है। पत्नी द्वारा विरोध करने पर आए दिन दोनों के बीच विवाद होता था। सोमवार रात को भी पति नशे में आया था, जिसे लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया।

## दिल्ली विधानसभा में आप विधायकों पर सिख गुरुओं के अपमान का आरोप, भाजपा के किया विरोध

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सत्य की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर की शहादत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रत्येक नागरिक की फैमिली मेंबर की तरह सेवा करेगी और दिल्ली को ह्यमिनी इंडियाह्न के रूप में विकसित करेगी। वहीं, दूसरी ओर, भाजपा विधायकों ने आप विधायकों पर सिख गुरुओं का अपमान करने और उनके संदर्भ में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री सिख गुरु की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा दिए गए एक बयान पर चर्चा समाप्त कर रही थीं, तभी विपक्षी आप विधायकों ने शहर में प्रदूषण पर चर्चा करने की मांग की।

स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने उनकी याचिका खारिज करते हुए याद दिलाया कि सत्र में बाद में प्रदूषण पर एक विशेष चर्चा निर्धारित है। वहीं, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने अन्य भाजपा विधायकों के साथ मिलकर इस बात पर जोर दिया कि आम आदमी पार्टी के विधायकों ने सिख गुरुओं के संदर्भ में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है।

चर्चा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस के साथ समाप्त हुई, जिसमें



सिरसा के अनुरोध पर स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वीडियो फुटेज की समीक्षा के बाद यदि आवश्यक हुआ, तो आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा की निंदा करने वाला प्रस्ताव बुधवार को लाया जाएगा।

सिरसा ने सिख गुरुओं का अपमान करने वाले दोषी आम आदमी पार्टी के विधायकों को दंडित करने के लिए वीडियो फुटेज की समीक्षा की मांग की। सिरसा के अनुरोध पर स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वीडियो फुटेज की समीक्षा के बाद यदि आवश्यक हुआ, तो आम आदमी पार्टी के विधायकों द्वारा इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा की निंदा करने वाला प्रस्ताव बुधवार को लाया जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने नवंबर में लाल किले के पास आयोजित तीन दिवसीय ह्यगुरमत समागम के सफल आयोजन के लिए नागरिकों और कैबिनेट सहयोगियों को बधाई दी। कांवड़ यात्रा, रामलीला और दुर्गा पूजा समारोहों के लिए दिल्ली सरकार के समर्थन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सभी राज्यों की संस्कृति और परंपराओं का जश्न मनाने के तहत, पूर्वांचल का छठ पर्व, गुजरात का गरबा और राजस्थान का तीज पर्व पूरे सम्मान के साथ आयोजित किए गए ताकि यहां रहने वाले देश के सभी हिस्सों के नागरिकों का सम्मान किया जा सके।



## दिल्ली विधानसभा परिसर में घुसा संदिग्ध, पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आई है। यहां मंगलवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में एक व्यक्ति ने घुसने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने शख्स को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान दिल्ली के ही बुद्ध विहार निवासी नवीन डबस के रूप में हुई। नवीन डबस दिल्ली सरकार के अंतर्गत गेस्ट फैकल्टी (टीजीटी इंग्लिश) के रूप में कार्यरत हैं। वह पिछले लगभग 12 वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार व्यक्ति ने सरकारी पहचान पत्र दिखाकर मुख्य प्रवेश द्वार से प्रवेश किया था। पूछताछ में उसने गेस्ट फैकल्टी शिक्षकों से जुड़ी नीतियों में सुधार की मांग बताई। उसके पास से अब तक कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की आपराधिक मंशा सामने नहीं आई। सुरक्षा की दृष्टि से संयुक्त पूछताछ की जा रही है। संदिग्ध ने पुलिस पूछताछ में दिल्ली के मंत्री के बुलावे पर आने का दावा किया है। हालांकि बाद में मंत्री से कोई जान पहचान न होने का खुलासा किया। बता दें कि दिल्ली की आठवीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से शुरू हो चुका है, जो 8 जनवरी तक चलेगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो सदन की सहमति से इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन प्रदूषण को लेकर भारी हंगामा देखने को मिला। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने सदन में दिल्ली प्रदूषण का मुद्दा उठाया, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर मार्शलों ने आप के सभी विधायकों को सदन से बाहर कर दिया। इस दौरान चार विधायकों को तीन दिन के लिए निलंबित भी कर दिया गया।

## मिर्गी के मरीजों के लिए राहत की खबर, एम्स ने शुरू की मुफ्त थेराप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग जांच

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।** एम्स में आने वाले मिर्गी के मरीजों को लेकर राहत भरी खबर है। अब उन मरीजों को थेरेप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग जांच के लिए बाहर नहीं भागना पड़ेगा और उन्हें यह सुविधा बिलकुल मुफ्त मिलेगी। एम्स प्रशासन ने इस निशुल्क सुविधा को शुरू करने का फैसला किया है ताकि मिर्गी के मरीज अपने दवाओं के स्तर की जांच अस्पताल में ही करवा सकें और उन्हें कोई अतिरिक्त खर्च न करना पड़े। एम्स ने सभी विभागों और केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि मरीजों के ब्लड सैंपल को नामित प्रयोगशालाओं में भेजा जाए। इसके तहत मिर्गी में इस्तेमाल होने वाली दवाओं फेनोबार्बिटल, काबार्माजेपाइन, वैल्प्रोइक एसिड और फिनाइटोइन की जांच की जाएगी। थेरेप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग जांच का मतलब है कि ब्लड में दवाओं की मात्रा मापी जाती है।

### अंकिता को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## माता-पिता की भावनाओं के अनुरूप होगा निर्णय: धामी

» **देहरादून, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अंकिता भंडारी प्रकरण पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इस दिशा में सरकार ने पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष एवं गहन जांच के लिए महिला अधिकारी रेणुका देवी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था, जिसने मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की। सरकार की सशक्त और प्रभावी न्यायालय पैरवी के परिणामस्वरूप तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच पर न केवल निचली अदालत, बल्कि उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय ने भी संतोष व्यक्त किया है, जो जांच की निष्पक्षता और मजबूती को दशार्ता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्तमान में किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है.

### एसआईआर अलोकतांत्रिक प्रक्रिया

## चुनाव आयोग तथा भाजपा मतदाताओं के उत्पीड़न के दोषी :ममता बनर्जी

» **कोलकाता, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि वे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य अवैध, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक तरीके से करा रहे हैं। उन्होंने गंगासागर से लौटने पर पत्रकारों से बात करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया गलत और मनमाने तरीके से चलाई जा रही है। सुश्री बनर्जी ने कहा, आयोग सब गलत कर रहा है। जीवित लोगों को मृत दिखाया जा रहा है, ऑक्सीजन पाइप लगाये बुजुर्ग लोगों को सुनवाई में घसीटा जा रहा है। पूरी प्रक्रिया एक तमाशा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ ऐप्स भाजपा की आईटी सेल की मदद से विकसित किये गये हैं। यह पूरी तरह से अवैध, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। यह जारी नहीं रह सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तीसरी बार पत्र लिखकर एसआईआर में अनियमितताओं का मामला उठाया है। उन्होंने भाजपा पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रशासनिक संशोधन की आड़ में लोगों के मतदान के अधिकार छीने जा रहे हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# किशोरों के हमले से घायल छात्र की मौत, हिरासत में 6 नाबालिग

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।



पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में किशोरों के एक ग्रुप के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए 17 साल के एक छात्र की मंगलवार को मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने 6 नाबालिगों को पकड़ा गया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मयूर विहार पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 5 जनवरी को शाम करीब 7.25 बजे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से एक कॉल आया, जिसमें बताया गया कि एक बेहोश पुरुष को शारीरिक हमले के बाद अस्पताल लाया गया है। घायल की पहचान मोहित, ज्ञान सिंह के बेटे, इंद्र कैंप, त्रिलोकपुरी के रहने वाले और क्लास 11 के छात्र के रूप में हुई।

अस्पताल में शुरूआती जांच के बाद, उसे आगे के इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर (डीटीबी) अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे बयान देने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया।

शुरूआती जांच के दौरान, एक चश्मदीद ने पुलिस को बताया कि मोहित का उसी इलाके के एक नाबालिग से झगड़ा चल रहा था। घटना की शाम, जब मोहित त्रिलोकपुरी इलाके में अपने दोस्तों के साथ था, तो नाबालिगों के एक ग्रुप के साथ उसकी कहा-सुनी हो गई। यह कहा-सुनी जल्द ही हिंसक हमले में बदल गई। चश्मदीद ने बताया कि मोहित को कई नाबालिगों ने घेर लिया और उसे बार-बार पीटा और लात मारी गई। जमीन पर गिरने के बाद भी हमला जारी रहा। एक और युवक जिसने बीच-बचाव करने की कोशिश की.

# अपहरण के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, हथियार और मोबाइल बरामद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।



राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मुखर्जी नगर थाना पुलिस ने 2 जनवरी को हुई अपहरण और लूट की घटना में शामिल तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और फिरौती की रकम भी बरामद की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2 जनवरी को शाम 5 बजे कुलदीप नामक व्यक्ति अपने घर जा रहा था, तभी उसे उसके परिचित अजय ने रोका। तभी दूसरा लड़का सचिन नामक अपराधी चाकू दिखाकर उसका अपहरण कर लिया और उसे पास की झुग्गी में ले जाकर बंदी बना लिया। इसके बाद उन्होंने 50 हजार रुपए की फिरौती की मांग की।

उन्होंने बताया कि जब इन लोगों को 50 हजार रुपए नहीं मिले तो उन्होंने 40 हजार रुपए ले लिए और जान से मारने की धमकी देने लगे। कुलदीप ने किसी तरह से अपनी जान बचाई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले को प्राथमिकता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की और संभावित ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान, पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, एक बटन चाकू और 37,500 रुपए की फिरौती की रकम बरामद की गई।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सचिन मोहित, अजय शर्मा और दीपक शामिल हैं। सचिन पहले से ही 18 आपराधिक मामलों में शामिल था, जिसमें हत्या, लूट और चोरी जैसे गंभीर अपराध शामिल थे। पुलिस द्वारा की गई जांच में सचिन को आदतन अपराधी पाया गया, जबकि अजय और दीपक का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। मुखर्जी नगर थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले को सुलझाने में स्थानीय लोगों और सूचना देने वाले व्यक्तियों की मदद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और जरूरी जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं।

# डॉग काउंटिंग पर झूठे बयान देकर नहीं भाग सकते केजरीवाल, मांगे माफी: आशीष सूद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।



दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग की है। डॉग काउंटिंग यानी कुत्तों की गिनती को लेकर चल रहे विवाद पर उन्होंने कहा कि आप ने जानबूझकर गलत बयानबाजी की और जब सच्चाई सामने आई तो उन्होंने इस मुद्दे पर बोलना बंद कर दिया।

मंत्री आशीष सूद ने कहा कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी पत्रकारों की मौजूदगी में संबंधित सर्कुलर को पढ़कर साफ-साफ समझाया था कि उसमें क्या लिखा है। उसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने शिक्षकों को कुत्तों की गिनती के काम में लगाया है।

आशीष सूद ने चुनौती दी थी कि यदि सर्कुलर में कहीं भी ऐसा लिखा दिखा दिया जाए, तो वे स्वयं माफी मांगने को तैयार हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसा कोई उल्लेख नहीं है, तो फिर अरविंद केजरीवाल को देश और दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। मंत्री ने आरोप लगाया कि उस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ह्युकुत्तों की गिनतीह्व वाले मुद्दे पर बात करना ही बंद कर दिया, क्योंकि उनके पास इसे साबित करने के लिए कोई तथ्य नहीं था। आशीष सूद ने कहा कि सरकार

> मंत्री आशीष सूद ने कहा कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी पत्रकारों की मौजूदगी में संबंधित सर्कुलर को पढ़कर साफ-साफ समझाया था कि उसमें क्या लिखा है।

अरविंद केजरीवाल के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को बर्दाश्त नहीं करेगी। केजरीवाल झूठे बयान देते हैं और फिर उनसे बचने की कोशिश करते हैं, जो लोकतंत्र और जिम्मेदार राजनीति के लिए ठीक नहीं है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में सोमवार रात हुई नारेबाजी को लेकर भी आशीष सूद ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज होने के बाद जेएनयू में जो नारे लगाए गए, वे बेहद निंदनीय हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ की गई व्यक्तिगत और हिंसक टिप्पणियां किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जा सकतीं।

# असम में प्रियंका गांधी वाड्रा को कमान देना

## सीएम सरमा के लिए एक बड़ी चुनौती मान रही कांग्रेस

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।



कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि असम में एक निष्क्रिय आंतरिक नेटवर्क, इस पार्टी संभावित स्लीपर सेल कहती है, वे अभी भी सक्रिय है। वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, जो कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए, असम में कांग्रेस ढांचे के भीतर कुछ व्यक्तियों पर अपना प्रभाव बनाए हुए हैं। कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की अधिक सक्रिय भागीदारी इस प्रभाव को बेअसर करने में मददगार साबित होगी।

बीते असम विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे काफी सक्रिय रहीं, हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान वे सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आईं। तब कांग्रेस नेता भूपेश बघेल राज्य के वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि प्रियंका का सशक्त नेतृत्व, रणनीतिक स्पष्टता और कार्यकर्ताओं से जुड़ने की क्षमता संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने और शर्मा के जाने के बाद बचे किसी भी अप्रत्यक्ष प्रभाव का मुकाबला करने में सहायक हो सकती है।

पार्टी का असम पर दुबारा ध्यान केंद्रित करना स्पष्ट राजनीतिक गणनाओं से प्रेरित है।

# मकान बेचने का झांसा देकर 32 .50 लाख हड़पे

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।



नंदग्राम थाना क्षेत्र में मकान का सौदा कर आरोपियों ने एक व्यक्ति से 32.50 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित का आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपियों की ओर से जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि मूल रूप से सीमापुरी (दिल्ली) निवासी आबिद अली ने शिकायत दी है। इसमें बताया है कि वह हिंडन विहार नंदग्राम में किराये के मकान में रहते हैं। उन्होंने मुरादनगर निवासी शेरू से हिंडन विहार स्थित एक मकान खरीदने के लिए 77 लाख रुपये में सौदा किया था। दोनों पक्षों की सहमति पर इसका बैनामा अप्रैल 2025 में किया जाना तय हुआ था। उनका आरोप है कि शेरू के साथ शाहरुख व खलील ने षड्यंत्र रचकर अलग-अलग तिथियों में उनसे 32.50 लाख रुपये ले लिए, लेकिन तय तिथि पर बैनामा करने नहीं पहुंचे। यह आरोप भी लगाया कि तकादा करने पर आरोपियों ने मकान का बैनामा करने से इंकार कर दिया। साथ ही रुपये वापस मांगने पर हत्या की धमकी दी।

# दिल्ली हाईकोर्ट में होगी दुष्यंत गौतम के मानहानि मामले की सुनवाई, 2 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।

दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम द्वारा दायर मानहानि मामले पर सुनवाई होने जा रही है। यह मामला उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा है, जिसमें सोशल मीडिया पर दुष्यंत गौतम का नाम उछाला गया था।

दुष्यंत गौतम का कहना है कि बिना किसी आधार के उनका नाम इस मामले से जोड़ा गया, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। दुष्यंत गौतम की ओर से वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया ने दिल्ली हाईकोर्ट से मामले की जल्द




सुनवाई की मांग की थी।

उनका तर्क था कि सोशल मीडिया और राजनीतिक बयानों के जरिए लगातार आपत्तिजनक और मानहानिकारक बातें फैलाई जा रही हैं, जिनका तुरंत संज्ञान लिया जाना जरूरी है। कोर्ट ने इस मांग को स्वीकार करते हुए मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

दुष्यंत गौतम ने दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए कुछ दलों और नेताओं ने जानबूझकर सोशल मीडिया पर उनका नाम उछाला और उन्हें अंकिता भंडारी हत्याकांड से जोड़ने की कोशिश की। दुष्यंत गौतम का कहना है कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी उन्हें बदनाम किया गया। अपनी याचिका में दुष्यंत गौतम ने कोर्ट से मांग की है कि उनके खिलाफ डाले गए सभी मानहानिकारक कंटेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तुरंत हटाया जाए। इसके अलावा उन्होंने दो करोड़ का हर्जाना भी मांगा है। उनका कहना है कि इस तरह के झूठे आरोपों से न सिर्फ उनकी राजनीतिक साख को नुकसान पहुंचा है, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर भी उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी है। अंकिता भंडारी हत्याकांड उत्तराखंड के सबसे चर्चित मामलों में से एक रहा है। सितंबर 2022 में 19 साल की अंकिता भंडारी, जो एक होटल में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी, की हत्या कर दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराधियों ने ली शपथ, नहीं करेंगे अपराध

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** हम सभी कसम खाते हैं कि अब दोबारा अपराध नहीं करेंगे और न ही अपराध के रास्ते पर दोबारा लौटने के बारे में सोचेंगेह्व यह शपथ ट्रांस हिंडन जोन के तीन सर्किल के सात थानों में सोमवार को 113 अपराधियों ने ली। सभी को सत्यापन के लिए संबंधित थानों पर तलब किया गया था। यह सभी लूट, छिनैती, चोरी, हत्या के प्रयास व अन्य मामलों के आरोपी हैं और जेल भी जा चुके हैं। एसीपी ने अपने सामने सभी को शपथ दिलाई। साथ ही पुलिस रिकॉर्ड में उनकी नई व वर्तमान पहचान, कार्य, फोटो की जानकारी दर्ज भी हुई। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि ऐसे अपराधियों को थाना पुलिस ने चिह्नित किया था जो लूट, चोरी, छिनैती, झगड़ा, मारपीट, हत्या के प्रयास तक के मामलों में संलिप्त रहे या फिर दो से ज्यादा बार उनका नाम मामले में शामिल हुआ और जेल गए। उन सभी का सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई है। सोमवार को इंदिरापुरम सर्किल के 36, साहिबाबाद के 50 और शालीमार गार्डन सर्किल के 27 अपराधियों को उनके संबंधित थानों पर बुलाया गया था।

### मादक पदार्थ तस्करी और सेवन के 35 हॉट स्पॉट चिह्नित, होगी कार्रवाई

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** ट्रांस हिंडन एरिया में 35 ऐसे स्थान हैं जहां मादक पदार्थों की या तो तस्करी होती है या फिर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर सेवन करते हैं। पुलिस ने नशा मुक्त टीएचए 2026 अभियान के तहत इन स्थानों को चिह्नित कर कार्रवाई शुरू की है। इन्हें पुलिस ने अपने ही रिकॉर्ड में दर्ज पुरानी जानकारी और अपराधियों से पूछताछ में सामने आई बातों के आधार पर चिह्नित किया है। वहीं युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए पुलिस ने अलग-अलग काउंसलिंग शिविर लगाने की योजना भी बनाई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। बीते एक साल में करीब 400-500 मामले चोरी, छिनैती और झगड़े के ऐसे मामले सामने आए जिसमें करीब 15 से 27 आयु के किशोर और युवा अपराधी बने। करीब 30 फीसदी मामलों में नशे के लिए अपराध करने की वजह सामने आई। इसके चलते नशा मुक्त टीएचए 2026 अभियान शुरू किया गया है। इसमें पुलिसिंग से लेकर मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया जाएगा। सभी 35 हॉट स्पॉट पर नियमित गश्त व चेकिंग के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# एनएसएस कैम्प युवाओं को समाजसेवा और कानून के प्रति जागरूक बनाने का सशक्त माध्यम : एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल

### एनएसएस वॉलिंटियर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबका मन मोहा

» हरियाणा, यूटर्न/ 06 जनवरी।




गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव कुलेरी में आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैम्प का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का विद्यालय पहुंचने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट श्वेता शर्मा, एडवोकेट हिमांशु आर्य एवं एडवोकेट बजरंग इंदल ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस कैम्प के संयोजक एवं संस्कृत अध्यापक राजकुमार ने की। मुख्य अतिथि एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस कैम्प के माध्यम से वॉलिंटियर्स में कॉमन सेंस, अनुशासन और दूसरों की मदद करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं का संविधान, कानूनों, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की बुनियादी जानकारी से लैस होना अत्यंत आवश्यक है। कानून की समझ होने से युवा न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है बल्कि समाज में फैले अन्याय, शोषण और कुरीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज भी उठा सकता है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि एनएसएस कैम्प विद्यार्थियों को सेवा भावना, सामाजिक सरोकार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस वॉलिंटियर्स ने सांस्कृतिक, सामाजिक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दीं जिनके माध्यम से उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। वॉलिंटियर्स की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणजनों का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा, सकारात्मक सोच और कानून के प्रति जागरूकता से ही एक सशक्त, जागरूक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से एनएसएस के माध्यम से सीखी गई सीखों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन युवाओं को समाज और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंग्लिश लेक्चरार रामनिवास, एसएमसी अध्यक्ष सूबेसिंह, श्रवण कुमार सहित विद्यालय स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईएसआईसी में रेजिडेंट डॉक्टरों ने शुरू की हड़ताल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** ईएसआईसी अस्पताल में पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों ने मंगलवार को हड़ताल शुरू कर दी। रेजिडेंट डॉक्टरों के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में डॉक्टरों ने अस्पताल प्रशासन पर लगातार बदतमीजी और अपमानजनक व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सम्मानजनक माहौल न होने के कारण उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। धरने के दौरान डॉक्टरों के हाथ में एक पोस्टर था, जिसपर लिखा था...हम डॉक्टर हैं चोर नहीं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि अस्पताल के डीन ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें चोर कहकर संबोधित किया। डॉक्टरों का कहना है कि मरीजों की सेवा में लगातार लगे रहने के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा नहीं दी जाती। यहां तक कि सामान्य बीमारी होने पर भी अस्पताल से दवा लेने की अनुमति नहीं है। डॉक्टरों की मांग है कि सभी रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाए, जिससे उन्हें और उनके साथ रहने वाले परिवार के सदस्यों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। डॉक्टरों ने साफ किया है कि मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। इस मामले में डीन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। जानकारी के अनुसार, अस्पताल प्रशासन मंगलवार को मीडिया से बातचीत करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है।

### शोपीस निमार्ता फैक्टरी के कर्मियों पर पांच लाख की चोरी का आरोप

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** लिंकरोड थानाक्षेत्र के साइट चार स्थित कैप सिलवर लिगियन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक करण मेहरा ने फैक्टरी के दो तकनीशियन पर पांच लाख रुपये का सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पांच जनवरी को दर्ज हुई प्राथमिकी में दिल्ली के फजलपुर स्थित मंडावली निवासी संदीप कुमार और टीलामोड़ के पसौंडा निवासी धर्मपाल सिंह को नामजद किया है। पुलिस को दी शिकायत में करण मेहरा ने बताया कि उनकी फैक्टरी में पीतल के शोपीस बनाने और उन पर चांदी की परत चढ़ाने का काम किया जाता है। संदीप कुमार और धर्मपाल सिंह कई वर्षों से फैक्टरी में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं।

## कानपुर में मौत बनी कड़ाके की ठंड, जारी बुजुर्गों के दम तोड़ने का सिलसिला, दर्जनों भर्ती



» सुनील बाजपेई

**कानपुर, यूटर्न/ 06 जनवरी।** यहां जिले को कड़ाके की भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है ,जिसके फल स्वरुप अधिकांश लोगों का जीवन अस्त व्यस्त चल रहा है। साथ ही भीषण ठंड के प्रकोप से बुजुर्गों की मौत का सिलसिला भी जारी है, जिसमें सर्वाधिक संख्या ग्रामीण अंचलों के लोगों की बताई जाती है।

यही नहीं लगातार गाड़ी ठंड की प्रकोप से दर्जनों अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज कराने के लिए भी मजबूर हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर भी बताई गई है। ठंड का असर बुजुर्ग लोगों के लिए सर्वाधिक जान घातक साबित हो रहा है। इस बीच कानपुर देहात सहित कई ग्रामीण इलाकों में अनेक बुजुर्गों की मरने की भी सूचना है .

दरअसल यहां बर्फीली हवा के चलते रात का तापमान तेजी से गिर रहा है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच पारा भी लगातार लुढ़क रहा है।

कड़ाके की सर्दी दिल के मरीजों पर भी भारी पड़ रही है। सोमवार को ओपीडी में 1216 मरीज पहुंचे थे। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार 63 को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पांच मरीज ऐसे थे जिनकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी। यही नहीं शहर के बाहर निकलते ही कोहरा भी अपना असर दिख रहा है। मतलब कड़ाके की ठंड के बीच सुबह के समय पडने वाले कोहरे ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सबसे ज्यादा परेशानी राहगीरों को हुई ,जिन्हें ऐसे सर्द व कोहरे की चादर ओढ़े मौसम में अपना सफर तय करना पड़ रहा है। उनके लिए जरा सी दूरी तय करना मुश्किल हो रहा है। उनके सामने अलाव ही एकमात्र सहारा रहा। वहां पर बैठकर कुछ देर हाथ व पैर गर्म करने के बाद वह फिर चल देते हैं।

# अगर फिर हुआ हादसा तो कौन होगा जिम्मेदार ?

## स्वागत द्वार सुरक्षित है या नहीं, अधिकारी सार्वजनिक रूप से प्रमाण पत्र जारी करें : स्थानीय नागरिक

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 06 जनवरी। नगर पालिका उकलाना के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार के निर्माण को लेकर एक बार फिर स्थानीय नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन डोला खोलते समय पूरा ढांचा गिर गया था। सौभाग्य से उस समय कोई जनहानि नहीं हुई और मौके पर मौजूद लोग बाल-बाल बच गए थे।

हादसे के बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए पंचकूला मुख्यालय एवं हिसार नगर निगम आयुक्त स्तर से जांच करवाई गई थी, लेकिन आज तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। अब जब उसी स्थान पर निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है, तो स्थानीय लोगों में आशंका है कि यदि निर्माण गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय नागरिकों जगदीश मित्तल, कृष्ण कुमार, अनिल, हनुमान सहित अन्य लोगों का कहना है कि स्वागत द्वार का टेंडर आरसीसी (कंक्रीट) संरचना के लिए था, जबकि वर्तमान में ईंटों के कॉलम बनाए जा रहे हैं, जो देखने में कमजोर प्रतीत हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य केवल सतही तौर पर किया जा रहा है, जिससे संरचना की मजबूती को लेकर संदेह बना हुआ है।



नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका व संबंधित विभाग सार्वजनिक रूप से यह प्रमाण पत्र जारी करें कि स्वागत द्वार पूरी तरह सुरक्षित है और इससे आमजन को किसी प्रकार का खतरा नहीं है, ताकि लोगों का विश्वास बहाल हो सके। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

स्थानीय नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले में पारदर्शिता बरती जाए, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच करवाई जाए और जनहित को प्राथमिकता दी जाए।

इस विषय को लेकर जब नगर पालिका सचिव संदीप शर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मुख्यालय की टीम द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है तथा संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में एस्टीमेट के अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कार्य मानकों के अनुसार नहीं होता है तो किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट को उन्होंने आंतरिक बताते हुए कहा कि उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। उन्होंने जनता से भरोसा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य सरकार के धन का सही उपयोग करना है।

# पोस्ट ग्रेजुएट गर्ल्स कॉलेज में उपभोक्ता जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।

यह आयोजन सेवा की गुणवत्ता पर सत्र आयोजित किया गया। नागरिक जागरूकता समूह ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) के सहयोग से सेक्टर 42, चंडीगढ़ स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में ह्रसेवा की गुणवत्ताह्न विषय पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में 160 राष्ट्रीय सेवा स्वयंसेवक और समन्वयक शामिल हुए। प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (एसएनएल), वोडाफोन, एयरटेल और रिलायंस जियो के प्रतिनिधि भी इस सत्र में उपस्थित रहे। नागरिक जागरूकता समूह के अध्यक्ष सुरिंदर वर्मा ने अपने उद्घाटन भाषण में बताया कि सीएजी 1994 में पंजीकृत एक



राष्ट्रीय संगठन है जो सेवा की गुणवत्ता के लिए निरंतर काम कर रहा है।

कार्यशाला का उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके दैनिक जीवन में आने वाली आम समस्याओं का समाधान करना था। छात्रों को नवीनतम साइबर धोखाधड़ी के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें सुरक्षित रहने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) और टीआरएआई के विभिन्न ऐप का उपयोग करने के लिए कहा गया।

नागरिक जागरूकता समूह की महासचिव श्रीमती मोहिंदर कटारिया ने कार्यक्रम का संचालन किया और हमेशा सतर्क और सावधान रहने तथा किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना बिना किसी देरी के पुलिस को देने के महत्व पर जोर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंक ऋण पास करने में रिश्वत मामले में लगी तारीख

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** बिजनौर के प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में ऋण पास करने के बदले रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई। गवाह नहीं आने से अदालत में सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी लग गई। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार बिजनौर के नगीना तहसील के सचिन ने वर्ष 2024 में सोलर आटा चक्की के व्यवसाय के लिए प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा कोटकादर से छह लाख रुपये का ऋण लेने के लिए आवेदन किया था। बैंक शाखा के प्रबंधक प्रियांशु त्यागी ने ऋण स्वीकृति के बदले 60 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की, जो बाद में 50 हजार रुपये में तय हो गई। आरोप है कि प्रियांशु त्यागी ने मदन सिंह के माध्यम से आठ अगस्त 2024 को पहले किस्त के रूप में 30 हजार रुपये रिश्वत ली।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 जनवरी।** थाना क्षेत्र स्थित होटल में कार्यरत खोड़ा के नवनीत विहार निवासी अर्जुन सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा तीन जनवरी को आम्रपाली ग्रीन अंडरपास के सामने हुआ। घायल के भाई जितेंद्र ने बाइक में टक्कर मारने वाले अज्ञात कार चालक के खिलाफ पांच जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई है। जितेंद्र ने बताया कि तीन जनवरी की सुबह करीब छह बजे छोटा भाई अर्जुन बाइक से वसुंधरा स्थित होटल पर काम करने जा रहा था। आम्रपाली ग्रीन अंडरपास के सामने तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी।

### निगम की टीम के सामने शिकायतकर्ता पर हमला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ा। पीड़ित भूपेंद्र त्यागी के मुताबिक नगर निगम की टीम उन्हें साथ लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंची। आरोप है कि भवन स्वामियों ने टीम के सामने ही उनसे अभद्रता और मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर नंदग्राम थाना पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि पीड़ित भूपेंद्र त्यागी के मुताबिक उन्होंने अपनी कॉलोनी नंदग्राम के अटल चौक से मदर इंडिया स्कूल तक नाले पर हो रहे अतिक्रमण हटाने की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की थी।

# टूर पैकेज में छूट का झांसा देकर 13 लोगों से 78.71 लाख की ठगी

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



आकर्षक छूट के साथ टूर पैकेज और टिकट बुक करने के नाम पर 13 लोगों से 78.71 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों सत्यम शुक्ला व हर्षित शुक्ला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी खुद को नामी ट्रैवल कंपनी का एजेंट बताकर पीड़ितों को झांसे में लेते थे।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शक्तिखंड चार निवासी पवन कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने मामले में तहरीर दी है। इसमें बताया कि नोएडा के महागुन माई वुड्स गौर सोसायटी के टावर 21 निवासी सत्यम व हर्षित ने खुद को नामी ट्रेवल्स कंपनी का पंजीकृत एजेंट बताया था।

दोनों ने पीड़ितों को झांसा दिया कि अगर वह उनके माध्यम से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय टिकट या टूर पैकेज बुक कराते हैं तो आकर्षक छूट मिलेगी। टिकट रद होने पर बिना किसी कटौती के अतिरिक्त कमीशन के साथ रुपये वापस किए जाएंगे। आरोप है कि बुकिंग के बाद न टिकट मिले और न ही रकम।

काफी छानबीन के बाद पीड़ितों ने आरोपियों को ढूंढा। उनसे बातचीत की और समझौता कर मामला निपटाने का प्रयास किया। इस पर 14 नवंबर 2025 को आरोपी सत्यम ने अपने नोएडा स्थित फ्लैट पर रुपये वापस करने का एक लिखित अनुबंध किया। सभी पीड़ितों को चेक भी दिए, लेकिन जब चेक बैंक में लगाए गए तो बाउंस हो गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

### ऐसे की ठगी :

पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अंजान लोगों को टारगेट करते हैं। जितने भी पीड़ित अब तक सामने आए हैं, उनमें से कोई भी आरोपियों को सीधे नहीं जानता। आरोपियों के झांसे में अधिकतर व्यवसायी फंसे हैं। पहले उन्होंने बाली, दुबई, थाईलैंड व अन्य स्थानों के लिए टिकट बुक कराएं। बुकिंग के कुछ दिन बाद आरोपियों ने टिकट रद कराकर पीड़ितों को उनकी पूरी रकम वापस करने और 10 से 15 प्रतिशत कमीशन देने का झांसा दिया।

बाद में लोगों को न तो टिकट मिली और न ही रकम। कुछ नौकरी पेशा लोगों को भी आरोपियों ने जाल में फंसाया। उनसे मुंबई, गोवा, कश्मीर, असोम, दक्षिण भारत समेत अन्य स्थानों के लिए टूर पैकेज पर आकर्षक छूट दिलाने का झांसा देकर ठगी की।

इनके साथ हुई ठगी

| नाम | ठगी गई रकम |
|---|---|
| आयुष व्यास | 30,00,000 |
| पवनसिंह कुमार | 24,00,000 |
| सागर सिंह भंडारी | 9,00,000 |
| प्रज्ञा | 7,00,000 |
| पुनीत | 1,85,000 |
| हर्षित पुरी | 2,50,000 |
| राहुल राणा | 34,000 |
| कनव फूलर | 85,000. |

## यमुनापार में एलिवेटेड रोड बनाने की तैयारी, दिल्लीवासियों को जाम से मिलेगी निजात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



यमुनापार इलाके में रहने वाले लाखों लोगों के लिए ट्रैफिक जाम बड़ी समस्या है। इस परेशानी से राहत दिलाने के लिए दिल्ली सरकार ने बिहारी कॉलोनी से ड्रेन नंबर-एक पर टेल्को टी पॉइंट तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना तैयार की है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी जल्द ही डीपीआर तैयार करने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करेगी। बीते दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा और यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली ने ड्रेन का स्थलीय निरीक्षण भी किया है।

वर्तमान में स्वामी दयानंद मार्ग पर ट्रैफिक की स्थिति बेहद खराब है। यह मार्ग पूर्वी दिल्ली की चार प्रमुख विधानसभाओं को जोड़ता है और हर दिन लाखों वाहन यहां से गुजरते हैं। लेकिन थोड़ी-थोड़ी दूरी पर बनी रेडलाइटें ट्रैफिक की रफ्तार को पूरी तरह तोड़ देती हैं।

शाहदरा से आते ही सबसे ईस्ट आजाद नगर रेडलाइट पर सुबह और शाम के समय इतना लंबा जाम लग जाता है कि इसे पार करने में 10 से 15 मिनट तक लग जाते हैं। इसके बाद स्वर्ण सिनेमा रेडलाइट पर दोनों ओर से टू-व्हीलर और ऑटो चालकों की कतारें ट्रैफिक को और धीमा कर देती हैं।

आगे बढ़ते ही विश्वास नगर और कृष्णा नगर की रेडलाइट ट्रैफिक फ्लो को बार-बार रोकती हैं। इसके बाद यहां से निकलते ही जगतपुरी रेडलाइट आ जाती है। इससे जो रास्ता 10 मिनट से भी कम समय में पार हो जाता है उसे पार करने में 30 से 40 मिनट तक लग जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ड्रेन नंबर-एक के ऊपर बनने वाली एलिवेटेड रोड से इस पूरे रूट पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। एलिवेटेड कॉरिडोर के जरिए वाहन बिना रेडलाइट रुके सीधे टेल्को टी पॉइंट तक पहुंच सकेंगे। इससे न सिर्फ यात्रा समय घटेगा, बल्कि ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

## वीडियो बनाकर कर रहा ब्लैकमेल, केस दर्ज

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



सिहानी गेट थानाक्षेत्र में 40 वर्षीय महिला ने एक आरोपी के खिलाफ दो बार प्राथमिकी दर्ज करा दी। पहले मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपी ने महिला से माफी मांग ली और फिर बहलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि सिहानी गेट थाना क्षेत्र की एक महिला ने तीन माह पूर्व युवक पर गंभीर आरोप लगाए थे। बताया कि युवक से उनकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई और इसके बाद युवक ने उनके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने उनकी अश्लील वीडियो और फोटो अपने मोबाइल में कैद कर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने कुछ दिन पूर्व ही उससे माफी मांगी और मिलना-जुलना जारी रखा। आरोप है कि नए बस अड्डे के नजदीक एक होटल में आरोपी उसे ले गया और दुष्कर्म कर फिर से वीडियो बना ली। आरोप है कि आरोपी ने 40 हजार रुपये भी उधार ले लिए और फिर से ब्लैकमेल कर रहा है।

## साइबर ठगों ने 6 लोगों से ठग लिए 7.49 लाख रुपये

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 6 लोगों से 7.49 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने परिचित बनकर, गिफ्ट भेजने के नाम पर, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुलवाने, पानी का बकाया बिल, ई-चालान का लिंक भेजकर ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामलों में जांच शुरू की है। पहले मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत ब्रिजेश कुमार ने दी है। इनका आरोप है कि 16 दिसंबर को ठग ने परिचित बनकर संपर्क किया। आरोपी ने रुपये ट्रांसफर करने का फर्जी मैसेज भेजकर 74999 रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में पता चला कि इनके बैंक खाते में तो रुपये आए ही नहीं थे। दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत गुरप्रीत सिंह ने दी है। इनका कहना है कि 19 अक्तूबर को ठग ने गिफ्ट भेजने के नाम पर संपर्क कर 41500 रुपये ठग लिए। आरोपी ने अलग-अलग चार्ज के बहाने ये ठगी की।

# दिल्ली विश्वविद्यालय को मिला पहला पिंक बूथ, सुरक्षा होगी मजबूत, महिला पुलिस कर्मी चलाएंगी बूथ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**




मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस कमिशनर सतीश गोलचा ने कहा कि हम मुसीबत की घड़ी के साथी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का मौरिस नगर थाना डीयू को ही प्रायोजित है। ये दो नए बूथ भी उसी का विस्तार है।

दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर पहला पिंक बूथ मिला है। यह बूथ महिला पुलिस कर्मी चलाएंगी लेकिन सेवाएं सभी वर्गों को मिलेगी। दिल्ली पुलिस के सहयोग से सोमवार को डीयू में दो पुलिस बूथों का उद्घाटन हुआ।

इसमें से पिंक बूथ मिरांडा हाउस कॉलेज में और दूसरा इंटीग्रेटेड पुलिस बूथ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-4 पर शुरू किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में दिल्ली के पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो योगेश सिंह ने की। औपचारिक कार्यक्रम डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस कमिशनर सतीश गोलचा ने कहा कि हम मुसीबत की घड़ी के साथी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस का मौरिस नगर थाना डीयू को ही प्रायोजित है। ये दो नए बूथ भी उसी का विस्तार है। डीयू कुलपति प्रो योगेश सिंह ने कहा कि पिंक बूथ महिलाओं के लिए सुरक्षा, आत्मविश्वास, सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उत्तरी जिला दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर यह पिंक बूथ स्थापित किया है। पिंक बूथ का मकसद एक सुरक्षित, आसानी से पहुंच वाला और मददगार माहौल प्रदान करना है। मिरांडा हाउस कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो डॉ बिजया लक्ष्मी नंदा ने कहा कि यह जगह काफी असुरक्षित और डार्क जोन थी लेकिन इस बूथ के बनने से यह काफी सुरक्षित स्थान में परिवर्तित हो गई है। इससे छात्राओं को काफी सुरक्षित माहौल मिल सकेगा।

इस कार्यक्रम में उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया, डीयू रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, संयुक्त आयुक्त मध्य परिक्षेत्र मधुर वर्मा, विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रविंद्र यादव, डीयू दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो रजनी अब्बी, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो बलराम पाणी, एसओएल की निदेशक प्रो पायल मागो, समेत अन्य अधिकारी व छात्र उपस्थित रहे। बूथों पर महिला स्टाफ चौबीस घंटे तैनात रहेंगी : दोनों पुलिस बूथों को कंप्यूटर, प्रिंटर, वाई-फाई, एजुकेशनल मटीरियल आदि जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया गया है। दोनों बूथों पर देखने वाली स्क्रीन के साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इन बूथों पर महिला स्टाफ चौबीस घंटे तैनात रहेंगी। इन बूथों पर शिकायत दर्ज, साइबर शिकायतें, गुमशुदगी की रिपोर्ट, किराएदार और नौकरों का वेरिफिकेशन कराया जा सकेगा।

## जेएनयू नारेबाजी : भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला बोले- देश के टुकड़े करने की सोच रखने वालों के साथ खड़ा है विपक्ष

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने जेएनयू कैंपस में लगे विवादित बयानों को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद व शरजील इमाम जैसे लोग देश के चिकन नेक काटना चाहते हैं और कुछ लोगों की तरफ से ऐसे व्यक्तियों का बचाव करने की कोशिश की जा रही है।

शहजाद पूनावाला ने सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, नारों से स्पष्ट है कि प्रदर्शन करने वाले लोग देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाले अर्बन नक्सली गैंग का हिस्सा हैं। क्योंकि जब से शरजील और उमर खालिद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है, तब से टुकड़े-टुकड़े गैंग में हड़कंप मचा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पृथ्वीराज चव्हाण, वृंदा करात, हुसैन दलवई और उदित राज जैसे नेताओं ने इसे सांप्रदायिक ऑर्डर बताया। उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे लोग देश के चिकन नेक काटना चाहते हैं, ऐसे लोगों का बचाव किया गया है। अब बचाव में उतरते-उतरते देशविरोधी नारे और धमकी देने वाले नारे लग रहे हैं। यह वही नारे हैं जो पिछले दिनों कांग्रेस की रैली में लगे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल वोटबैंक की नीति को राष्ट्र नीति से इतना ऊपर रखते हैं कि अब देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को धमकी दी जा रही है। ऐसे बयान संविधान विरोधी और देशविरोधी मानसिकता को दर्शाते हैं।

# भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों से मिले मनसुख मांडविया, कहा- मांगों पर विचार करेगी सरकार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।




भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात की और अपनी मांगों को रखा।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा कि संघ की कुछ प्रमुख मांगे हैं, जिसमें ईपीएफ 95 में मजदूरों और पेंशनर्स की न्यूनतम पेंशन बढ़ाना, देश में लेबर कॉन्फ्रेंस का आयोजन करना, ठेका मजदूरों को समान वेतन और कॉन्ट्रैक्टर्स की ओर से वेतन में कट लेना आदि शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय मजदूर संघ की ओर से जो भी मांगे रखी गई हैं, वे सकारात्मक हैं और मंत्रालय उस पर विचार करेगा।

साथ ही मांडविया ने कहा कि सरकार ने नए लेबर कोड के जरिए समान वेतन को सुनिश्चित किया है।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री रवीन्द्र हिमते ने कहा कि हमारा संघ की मजदूरों को लेकर कई मांगे हैं, जिसमें ईपीएफ 95 की एक अहम मांग शामिल है।

उन्होंने विस्तार से बताया कि हमारा मांग है कि ईपीएफ 95 में पेंशन की जो लिमिट मौजूदा समय 1,000 रुपए है। उसे बढ़ाना चाहिए और इसे डीए के साथ भी जोड़ना चाहिए।

इसके अलावा ईएसआईसी की मौजूदा 21,000 रुपए की लिमिट को बढ़ाने, ईपीएफओ की 15,000 रुपए की लिमिट को बढ़ाने और बोनस की 7,000 रुपए की लिमिट को बढ़ाने की मांग रखी गई है।

भारतीय मजदूर संघ अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन ने कहा कि हमने मुख्य रूप से ईपीएफ 95 में पेंशन के हजार रुपए से बढ़ाने की मांग रखी है। इससे सीधे तौर पर 82 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। इसके साथ हमने लेबर कॉन्फ्रेंस की भी मांग रखी है। इसके अलावा हमने ईएसआईसी, ईपीएफओ और बोनस की लिमिट को बढ़ाने की मांग की है। इससे बड़े स्तर पर देश के सभी मजदूरों को फायदा होगा।

# सेल ने दिसंबर 2025 में स्टील बिक्री का रिकॉर्ड बनाया

» मुंबई, यूटर्न/ 06 जनवरी।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने दिसंबर 2025 में अब तक की सबसे अधिक स्टील बिक्री दर्ज की। इस महीने कंपनी ने 21 लाख टन स्टील बेचा, जो दिसंबर 2024 की 15 लाख टन बिक्री से 37 फीसदी अधिक है। कंपनी ने कहा कि यह प्रदर्शन अब तक का सर्वश्रेष्ठ है। सेल के अनुसार मजबूत बिक्री का प्रमुख कारण ग्राहकों तक समय पर माल पहुंचाना और ब्रांड निर्माण में सुधार रहा। इसके अलावा इन्वेंट्री में कमी ने भी वितरण प्रक्रिया को सुचारू बनाया। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच, कंपनी की कुल बिक्री 147 लाख टन रही, जो पिछले वर्ष के 126 लाख टन से लगभग 17 फीसदी अधिक है। सेल की बिक्री वृद्धि केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रही। निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे कंपनी की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत हो रही है।

# आईफोन 11 प्रो को विंटेज लिस्ट में शामिल करना बना चर्चा का विषय

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।



दिग्गज टेक कंपनी ऐप्पल ने 2019 में आईफोन 11 प्रो के साथ-साथ ऐप्पल वॉच सीरीज 5, 2020 में इंटेल प्रोसेसर के साथ आए 13 इंच वाले मैकबुक एयर, आईपैड एयर 3 और आईफोन 8 प्लस को भी विंटेज लिस्ट में शामिल कर लिया है। ऐप्पल ने पिछले महीने आईफोन एसई फर्स्ट जनरेशन को भी इस लिस्ट में शामिल किया था। बाकी प्रोडक्ट्स की तुलना में आईफोन 11 प्रो का विंटेज लिस्ट में जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। भले ही इस आईफोन को लॉन्च हुए काफी समय हो गया है, लेकिन अभी भी लाखों लोग इसे यूज करते हैं और यह एक मॉडर्न स्मार्टफोन ही माना जाता है। इसमे दमदार कैमरा सेटअप और ओलेड डिस्प्ले मिलता है। साथ ही यह ऐप्पल की लेटेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट आईओएस26 को भी सपोर्ट करता है। ऐप्पल उन प्रोडक्ट्स को विंटेज मानती है, जिनकी बिक्री बंद हुए 5 साल पूरे हो गए हों। अगर कोई प्रोडक्ट विंटेज लिस्ट में शामिल हो जाता है तो इसका मतलब है कि ऐप्पल उसको रिपेयर करने की गारंटी नहीं लेती। यानी आप विंटेज प्रोडक्ट को ऐप्पल के ऑथोराइज्ड सर्विस सेंटर पर रिपेयरिंग के लिए ले जा सकते हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं होगी कि वहां उसकी रिपेयरिंग हो ही जाएगी। अगर सर्विस सेंटर पर पार्ट्स उपलब्ध है तो ही इसे रिपेयर किया जाएगा। बिक्री बंद होने के 5 साल बाद जहां प्रोडक्ट्स विंटेज लिस्ट में शामिल होते हैं, वहीं 7 साल के बाद इन्हें ऑब्सोलेट लिस्ट में डाल दिया जाता है। इन प्रोडक्ट्स के लिए ऐप्पल हार्डवेयर सपोर्ट देना बंद कर देती है। अगर आप किसी ऑब्सोलेट प्रोडक्ट को ऐप्पल के सर्विस सेंटर पर ले जाएंगे तो वहां न तो इसकी रिपेयरिंग होगी और न ही नए पार्ट्स मिलेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टॉक स्प्लिट के शेयर 15 जनवरी से होंगे स्प्लिट


**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।** रियल एस्टेट सेक्टर की कंपनी अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा इंडिया लिमिटेड ने अपने शेयरों का 5:1 स्टॉक स्प्लिट करने का फैसला किया है। इस फैसले का उद्देश्य शेयर की कीमत को कम करना, बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाना और छोटे निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। कंपनी ने स्टॉक स्प्लिट के लिए 15 जनवरी 2026 को रिकॉर्ड डेट तय की है। फिलहाल कंपनी के एक शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपए है। स्टॉक स्प्लिट के बाद यह एक शेयर टूटकर 2 रुपए फेस वैल्यू वाले 5 शेयरों में बदल जाएगा। इसके चलते कंपनी के कुल शेयरों की संख्या 3.93 करोड़ से बढ़कर 19.67 करोड़ हो जाएगी। हालांकि, निवेशकों की कुल निवेश राशि में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि यह केवल शेयरों की संख्या और फेस वैल्यू में परिवर्तन है। कंपनी के अनुसार, जिन निवेशकों का नाम 15 जनवरी को शेयरधारकों की सूची में दर्ज होगा, उन्हें स्टॉक स्प्लिट का लाभ मिलेगा। भारत में शेयर बाजार टी प्लस वन सेटलमेंट सिस्टम पर काम करता है, यानी शेयर खरीदने के अगले दिन निवेशक के डीमैट खाते में आते हैं। ऐसे में निवेशकों को रिकॉर्ड डेट से कम से कम एक ट्रेडिंग दिन पहले शेयर खरीदने होंगे।

### सोना 1.38 लाख और चांदी 2.49 लाख रुपए करीब

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।** सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरूआत मंगलवार को तेजी के साथ हुई। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में मजबूती देखने को मिल रही है। निवेशकों की बढ़ती रुचि और वैश्विक संकेतों के चलते सोना-चांदी के भाव ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट की शुरूआत 546 रुपये की तेजी के साथ 1,38,666 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुई। पिछला बंद भाव 1,38,120 रुपये था। इस समय सोने का यह कॉन्ट्रैक्ट 458 रुपये की तेजी के साथ 1,38,578 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,38,776 रुपये का दिन का उच्च स्तर और 1,35,451 रुपये का निचला स्तर छुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सोने ने 1,40,465 रुपये का अब तक का सर्वोच्च स्तर दर्ज किया था। चांदी के वायदा भावों में भी मजबूती देखने को मिली।

# सीईएस 2026: एलजी ने पेश किया नया होम रोबोट क्लोइड, घरेलू कामों में करेगा मदद

» सोल, यूटर्न/ 06 जनवरी।



एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को कहा कि उसने सीईएस 2026 से पहले अपने नए घरेलू रोबोट क्लोइड (सीएलओआईडी) को पेश किया है। यह रोबोट एआई पर आधारित है और होम असिस्टेंट के रूप में काम करेगा। यह एलजी के एआई इन एक्शन विजन का हिस्सा है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के अनुसार, लास वेगास में कंपनी के वार्षिक प्री-सीईएस इवेंट में आपके अनुरूप नवाचार थीम के तहत आयोजित एलजी वर्ल्ड प्रीमियर में क्लोइड को पहली बार पेश किया गया, जिसे खास तौर पर घर के कामों के लिए तैयार किया गया है। यह घरेलू रोबोट लोगों की शारीरिक और मानसिक मेहनत कम करने में मदद करेगा। इस रोबोट के दोनों हाथों में पांच-पांच उंगलियां हैं, जिससे यह कई घरेलू काम कर सकता है। यह कपड़े धोने की मशीन में कपड़े डालने से लेकर पानी का गिलास भी लाकर दे सकता है। इससे रोजमर्रा के काम आसान हो जाएंगे।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि यह रोबोट केवल बात करने तक सीमित नहीं है, बल्कि घरेलू उपकरणों, जगह और सेवाओं को मिलाकर खुद काम करने की क्षमता रखता है। यह एलजी की ग्राहक-केंद्रित एआई सोच को दर्शाता है।

एलजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ल्यु जे-चोल ने कहा कि कंपनी को ग्राहकों की जीवनशैली की अच्छी समझ है, जो उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि रोबोट जैसे नए समाधान भविष्य के घरों की तस्वीर बदल देंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में एआई का उपयोग सिर्फ घरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वाहनों, दफ्तरों और व्यापारिक स्थानों में भी इसका इस्तेमाल होगा और यह लोगों के जीवन का अहम हिस्सा बन जाएगा। इस इवेंट में एलजी ने अपना नया ओएलईडी टीवी और सिग्नेचर सीरीज का फ्रिज भी पेश किया। नया टीवी बहुत पतला है और दीवार पर वॉलपेपर जैसा लगता है।

# रुपया 18 पैसे चढ़कर 90.12 डॉलर पर खुला

» मुंबई, यूटर्न/ 06 जनवरी।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 90.12 प्रति डॉलर पर खुला। डॉलर में कमजोरी और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भारत पर शुल्क संबंधी टिप्पणियों, विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के कारण रुपे की तेजी पूरी तरह नहीं हो सकी। सोमवार को रुपया लगातार चौथे दिन कमजोर हुआ और 10 पैसे टूटकर 90.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और डॉलर में मजबूती इसका मुख्य कारण रहे।

# दूसरी छमाही में लांच होगा ऐप्पल का फोल्डेबल आईफोन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।



साल 2026 की दूसरी छमाही में ऐप्पल का फोल्डेबल आईफोन लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ कई और भी प्रोडक्ट्स हैं, जिनका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। इनमें सैमसंग का ट्रिपल फोल्ड फोन भी शामिल है तो मोटोरोला भी नए फोल्डेबल फोन की झलक दिखाकर लोगों को उत्सुकता बढ़ा चुकी है। इसके अलावा गूगल के एक्सआर ग्लासेस भी दस्तक देने को तैयार हैं। ऐप्पल सितंबर में इस आईफोन को लॉन्च करेगी। लीक्स के मुताबिक, इसमें 7.8 इंच का मेन और 5.5 इंच का कवर डिस्प्ले मिलेगा। ऐप्पल इसे क्रीज-फ्री डिस्प्ले के साथ लाने की तैयारी कर रही है।

इसकी शुरूआती कीमत 2 लाख से अधिक रहने की उम्मीद है। गूगल ने कुछ समय पहले ही ऐलान किया था कि वह 2026 में एंड्रॉयड एक्सआर ग्लासेस को लॉन्च करेगी। इन ग्लासेस में इन-लेंस माइक्रो एलईडी डिस्प्ले मिलेगा, जिसमें यूजर फोन जैसे विजुअल्स देख पाएंगे। डेमो के दौरान गूगल ने दिखाया था कि यह म्यूजिक प्लेबैक, वीडियो कॉल्स, नेविगेशन और इमेज जनरेशन जैसे कैपेबिलिटीज और जेमिनी से लैस होकर आएगा।

सैमसंग अपने पहले ट्राईफोल्ड फोन को दक्षिण कोरिया में लॉन्च कर चुकी है और जल्द ही इसे अमेरिका समेत दूसरे देशों में उतारा जा सकता है। पूरी तरह अनफोल्ड होने पर इस फोन में 10 इंच का अमोलेड डिस्प्ले मिलता है, जिस पर एक साथ तीन ऐप्स काम कर सकती हैं। इसमें 5,600 एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है। फोल्डेबल टेक्नोलॉजी मोटोरोला के लिए नई नहीं है और वह मोटोरोला रेजर अल्ट्रा जैसा फ्लिप फोन मार्केट में उतार चुकी है। अब कंपनी बुक स्टाइल फोल्डेबल फोन लाने की तैयारी कर रही है।

# रोजगार संकट से निपटने 10 करोड़ रोजगार का लक्ष्य

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।




देश में रोजगार की बढ़ती चुनौती को देखते हुए उद्योग जगत ने हंड्रेड मिलियन जॉब्स नामक राष्ट्रीय पहल की शुरूआत की। इसका उद्देश्य अगले दस वर्षों में भारत में 10 करोड़ नए रोजगार अवसर पैदा करना है। इस कदम की घोषणा सॉफ्टवेयर उद्योग संगठन नैसकॉम, इंडस एंटरप्रेन्योर्स और सीआईपीपी ने संयुक्त रूप से की।

भारत में कार्यशील आयु की आबादी हर साल लगभग 1.2 करोड़ की दर से बढ़ रही है। लेकिन पारंपरिक रोजगार क्षेत्र जैसे विनिर्माण अपेक्षित गति से विस्तार नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में हर साल 80-90 लाख नई नौकरियों का सृजन जरूरी है। हालांकि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, लेकिन रोजगार सृजन की गति आर्थिक विस्तार के मुकाबले पीछे है। हंड्रेड मिलियन जॉब्स मिशन उद्यमिता, कौशल विकास और श्रम-प्रधान उद्योगों को केंद्र में रखता है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन को आर्थिक प्रगति का प्रमुख पैमाना बनाना और देश के विभिन्न हिस्सों में टिकाऊ तथा सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करना है।

# एलन मस्क बने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।** साल 2026 में भी एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की कुल संपत्ति 644 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। हालिया आंकड़ों में उनकी नेटवर्थ में 32.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे उनकी शीर्ष पोजिशन और मजबूत हुई है। दूसरे स्थान पर गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज हैं, जिनकी कुल संपत्ति 272 अरब डॉलर है और उन्हें 1.40 अरब डॉलर का लाभ हुआ है। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनकी नेटवर्थ 255 अरब डॉलर है और हाल में उन्हें 5.89 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। सर्गेई ब्रिन 253 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। लैरी एलिसन पांचवें स्थान पर हैं, लेकिन उनकी संपत्ति में 2.36 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। छठे नंबर पर मार्क जुकरबर्ग हैं, जिनकी नेटवर्थ 233 अरब डॉलर हो गई है, इसमें 2.90 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### टेलीग्राम टास्क के बहाने 1.37 लाख की ठगी में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** टेलीग्राम टास्क के बहाने 1.37 लाख रुपये की ठगी मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 33 साल का छित्तर मल राजस्थान जयपुर का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी छित्तर मल खाताधारक है। इसने अपना बैंक खाता ठगों को उपलब्ध करवाया हुआ था। इसके बैंक खाते में ठगी के 89 हजार रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी 10वीं पास है और जयपुर में ड्राइवरी का काम करता था। आरोपी को 4 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत जीवन नगर इलाके के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 5 अगस्त 2025 को उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक प्राप्त हुआ।

### कैंटर की टक्कर से बाइक सवार अकाउंटेंट की मौत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** पल्ला थाना इलाके में ऐतमादपुर आगरा कैनाल रोड पर कैंटर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक 26 साल का पुष्पेंद्र सेक्टर-28 की एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट की नौकरी करता था। पल्ला थाना पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक पुष्पेंद्र धीरज नगर इलाके का रहने वाला था। परिवार मूलरूप से यूपी मथुरा से है। मृतक के छोटे भाई पुनीत ने बताया कि पुष्पेंद्र रविवार दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी बाइक से जा रहे थे।

# गलत दिशा में गाड़ी चलाने पर पहली प्राथमिकी दर्ज, युवक जमानत पर छूटा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

गलत दिशा में वाहन चलाने पर राजधानी में पहली एफआईआर दिल्ली कैंट थाने में तीन जनवरी को मूलरूप से शाहजहांपुर, यूपी के रहने वाले युवक अमन के खिलाफ दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद युवक को गिरफ्तार किया गया।

जमानती धारा होने के कारण उसे जमानत पर छोड़ दिया गया। दिल्ली देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां



गलत दिशा में वाहन चलाने को लेकर पहली एफआईआर दर्ज की गई है। गुरुग्राम पुलिस ने गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की घोषणा की है। अब हाईवे और शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक के उलट वाहन चलाने पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब तक ऐसे मामलों में केवल जुर्माना लगाया जाता था और आपराधिक मामला बहुत ही असाधारण परिस्थितियों में दर्ज किया जाता था लेकिन बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए नीति में बदलाव किया गया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के दिल्ली कैंट सर्किल में तैनात एएसआई सुनील की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर रेड लाइट दिल्ली कैंट की तरफ जाने वाला रोड दो लेन का है। तीन जनवरी को शाम 4.45 बजे टर्मिनल-एक की तरफ से मूलरूप से गांव पोवायल जिला शाहजहांपुर, यूपी का रहने वाला और दिल्ली में कुसुमपुर पहाड़ी में रहने वाला अमन पुत्र राधेश्याम अपनी वैगनआर कार को गलत दिशा में तेज गति से चला रहा था। पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि एएसआई की शिकायत पर अमन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसके पास लाइसेंस नहीं था और न ही कार का इंश्योरेंस हो रखा था। इस कारण उसके खिलाफ एमवी एक्ट की धाराएं लगाई गईं हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 सार्वजनिक मार्ग पर तेज या लापरवाही से वाहन चलाने से संबंधित है.

# एक लाख का इनामी और अंतरराज्यीय बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

अपराध शाखा सेक्टर-40 और नूंह की पुन्हाना अपराध शाखा की पुलिस ने रविवार की रात को भोंडसी क्षेत्र में एक लाख रुपये के इनामी व अंतरराज्यीय बदमाश को मुठभेड़ के बाद पकड़ा है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने फिंगरप्रिंट, एफएसएल, सीन ऑफ क्राइम और भोंडसी थाने की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। मुठभेड़ के दौरान कुल 10 राउंड फायरिंग हुई, इसमें छह फायर आरोपी ने किए, जबकि चार फायर पुलिस टीम द्वारा किए गए। पुलिस ने घटनास्थल से एक बाइक,



हेलमेट, कट्टा, पिस्टल, दो कारतूस और नौ खाली खोल बरामद किए। आरोपी की पहचान औरैया (उत्तर प्रदेश) के पच्छैया बस्ती बनारसीदास निवासी यादराम (50) के रूप में हुई है, जोकि वर्तमान में जयपुर (राजस्थान) के गिरिराजनगर में किराये पर रह रहा था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश यादराम दोनों पैरों में गोलियां लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनामी बदमाश यादराम द्वारा पुलिस पर गोलियां चलाकर जानलेवा हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने इत्यादि अपराधों से संबंधित धाराओं बीएनएस की धारा 109(1), 121(1), 132, 221, आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) के तहत भोंडसी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

आरोपी यादराम नूंह के पिनगवां कस्बे में 27 दिसंबर को हुई ज्वेलर्स की दुकान में करोड़ों रुपये के सोने व चांदी के गहनों की लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह में शामिल बताया जा रहा है। बदमाशों ने पिनगवां कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित नत्थीलाल हरिओम सुनार की दुकान को निशाना बनाते हुए शटर तोड़कर करोड़ों रुपये का सोने-चांदी का सामान चोरी कर लिया था। यह पूरी वारदात दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। इनामी बदमाश यादराम का आपराधिक रिकॉर्ड जांचने पर पता चला कि उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, गृहभेदन व शस्त्र अधिनियम इत्यादि अपराधों के तहत करीब 25 मामले हरियाणा, उत्तर प्रदेश व राजस्थान में दर्ज हैं।

### रात करीब 10.15 बजे हुई मुठभेड़

4 जनवरी की रात को अपराध शाखा सेक्टर-40 के प्रभारी ललित कुमार को सूचना मिली कि एक लाख रुपयों का इनामी बदमाश यादराम, जोकि हरियाणा, राजस्थान व उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित है। वह हथियारों सहित एक बिना नंबर की बाइक पर सोहना क्षेत्र में दिखाई दिया है। इंस्पेक्टर ललित कुमार ने अपराध शाखा पुन्हाना के प्रभारी संदीप मोर से संपर्क करके जानकारी दी। अपराध शाखा सेक्टर-40 व पुन्हाना की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से सोहना-गुरुग्राम रोड स्थित महेंद्रवाड़ा कच्चा रास्ता क्षेत्र में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान करीब 10.15 बजे बिना नंबर की बाइक पर सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी द्वारा की गई फायरिंग से एक गोली सरकारी गाड़ी के दरवाजे पर, एक गोली गाड़ी के बोनट पर व एक गोली अपराध शाखा सेक्टर-40 के प्रभारी ललित कुमार की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी यादराम के दोनों पैरों में गोलियां लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने गोलियां लगने से घायल यादराम को काबू किया।

## ऑफिस में घुसकर तोड़-फोड़, प्रॉपर्टी डीलर व बेटों को पीटा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** केंद्र सरकार का अधिकारी बनकर साथियों के साथ आए एक व्यक्ति ने जिले के प्रॉपर्टी डीलर और उनके बेटों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने डीलर के ऑफिस में घुसकर तोड़-फोड़ की। हमलावर ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर डीलर को कहा कि आपके खिलाफ एक केस की जांच करने के लिए आए हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सूरजकुंड थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। शुरूआती जांच में मामला रुपये लेन-देन विवाद का पता चला है।

मामले में पुलिस को शिकायत सेक्टर-35 इलाके के रहने वाले अनिल कुमार मंगला ने दी है। ये वारदात ग्रीन फील्ड कॉलोनी में गोयल एस्टेट एजेंसी के नाम से बने उनके ऑफिस पर हुई। रविवार को शिकायतकर्ता के दोनों बेटे राहुल और गौरव मंगला ऑफिस में बैठे थे। दोपहर करीब एक बजे शिकायतकर्ता भी आफिस पहुंचे। आरोप है कि वहां मनोज नामक व्यक्ति पहले से बैठा हुआ था। मनोज ने शिकायतकर्ता को कहा कि वह केंद्र सरकार में आईपीएस अधिकारी है और तुम्हारे किसी मामले की इंक्वायरी आई है। मनोज ने फिर कॉल कर अपने अन्य साथियों निखिल गर्ग, सागर गर्ग, गोपाल गर्ग, विनोद कुमार गर्ग, राजू गर्ग, संजय गर्ग आदि को भी बुला लिया। इन लोगों ने आते ही गाली-गलौच व मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोध कराने पर ऑफिस में भी कुर्सी व अन्य सामान से तोड़-फोड़ करने लगे। बाद में आरोपी यहां से भाग गए। सूरजकुंड थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## परिवार को बंधक बनाकर डकैती के मामले में आरोपी को मिली जमानत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** करनेरा गांव में किसान परिवार को बंधक बनाकर हुई डकैती के मामले में आरोपी को अदालत से जमानत मिल गई। यूपी हापुड़ के रहने वाले आरोपी राहुल के अधिवक्ता की ओर से जमानत याचिका दायर कर दलील दी गई कि इसे केस में गलत फंसाया गया है। सह-आरोपी से पूछताछ के बाद इसे गिरफ्तार किया गया। अन्य कई सह-आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। वहीं अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि टीआईपी के दौरान शिकायतकर्ता ने आरोपी को पहचाना है। वैगनार कार, अवैध पिस्तोल व 10 हजार रुपये आरोपी से बरामद किए गए। दोनों पक्षों को सुनकर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुधीर जीवन की अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका मंजूर कर दी। करनेरा गांव में नकाबपोश बदमाशों ने डकैती की ये वारदात 3 जनवरी 2025 की रात को की थी। 4 जनवरी को मामला पुलिस तक पहुंचा तो सेक्टर-58 थाना में एफआईआर दर्ज की गई। नवीन त्यागी ने मामले में शिकायत पुलिस को दी थी। इसमें बताया गया कि बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर सोने के हार के दो सेट, 4 अंगूठी, 2 चेन, एक सोने का सिक्का, करीब ढाई किलो चांदी, मोबाइल व नकदी लूटकर ले गए थे। मामले में पुलिस 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब आरोपी राहुल को अदालत से जमानत मिली है।

## पश्चिमी दिल्ली में मुसीबत बन रहे ई-रिक्शा, सड़कों पर जाम लगने से लोग परेशान, घंटों जूझने को मजबूर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

पश्चिमी दिल्ली में बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा से लोग परेशान हैं। उत्तम नगर, द्वारका, नवादा, जनकपुरी और राजौरी गार्डन जैसे इलाकों में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से रोजाना जाम लग रहा है। दफ्तर, स्कूल और अस्पताल जाने वाले लोग घंटों सड़कों पर जूझने को मजबूर हैं, जबकि प्रशासनिक कार्रवाई कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है।

ई-रिक्शा आम आदमी के लिए सस्ती सवारी माने जाते थे, वही पश्चिमी दिल्ली की रफ्तार थामे खड़े हैं। नवादा और जनकपुरी में हालात और भी खराब हैं। यहां पर कई जगह ई रिक्शा चालकों ने स्थायी स्टैंड बना लिए हैं। फुटपाथ पर खड़े ई रिक्शा पैदल चलने वालों की राह रोक रहे हैं। राजौरी गार्डन जैसे व्यस्त बाजार में शाम होते ही हालात बेकाबू हो जाते हैं। खरीदारी के लिए निकले लोग जाम में फंस जाते हैं। आलम यह है कि कई बार एंबुलेंस तक जाम में अटक जाती है।

नवादा निवासी आशुतोष ने बताया कि बड़ी संख्या में ऐसे ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिनके पास न



तो लाइसेंस है और न ही कोई पंजीकरण। नाबालिग तक ई-रिक्शा चलाते देखे जा रहे हैं। ट्रैफिक नियमों की जानकारी न होने के कारण ये चालक कभी भी हादसे को न्योता दे सकते हैं। राजौरी गार्डन निवासी रानी ने बताया कि रोज ऑफिस पहुंचने में देर हो जाती है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक कभी-कभी अभियान चलाकर कुछ ई रिक्शा जब्त कर लिए जाते हैं लेकिन कुछ ही दिनों में फिर वही हालात हो जाते हैं। न तो स्थायी पार्किंग की व्यवस्था है और न ही तय रूट का पालन कराया जा रहा है। नियम केवल कागजों में है, सड़क पर नहीं है। ई रिक्शा चालक सोनू ने बताया कि यही उनका एकमात्र सहारा है।

## मारपीट में घायल छात्र की मौत के बाद पांच आरोपी गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

संजय कॉलोनी इलाके में मारपीट से घायल छात्र रवि की मौत के बाद सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम हुआ। वहीं सोमवार को ही अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में संजय कॉलोनी का कृष्णा (21), प्रेस कॉलोनी के मोहित उर्फ चमन (23), विकास (22), जवाहर कॉलोनी के निखिल (18) व रोनित (18) शामिल हैं।

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कृष्णा व मृतक रवि की आपस में पहले कहासुनी हुई थी। दोनों आपस में एक-दूसरे पर कटाक्ष करते थे। कृष्णा ने अपने परिवार में बुआ के लड़के मोहित उर्फ चमन को इस बारे बताया। मोहित 30 दिसंबर को अपने अन्य साथी निखिल, रोनित व विकास के साथ कृष्णा से मिला और इन्होंने उसी दिन शाम के समय संजय कालोनी में ही पानी के प्लांट पर बैठे रवि पर लाठी



डंडों से हमला कर दिया और मौके से भाग गये। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर टीम आगामी कार्रवाई कर रही है।

मुजेसर थाना इलाके की संजय कॉलोनी में ये वारदात 30 दिसंबर को हुई थी। पानी के प्लांट पर बैठे रवि व उसके दोस्त पर कुछ लड़कों ने डंडों से हमला किया और भाग गए। इस दौरान रवि को गंभीर चोट लगी और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रविवार को रवि की मौत हो गई थी। मामले में पहले मारपीट व जानलेवा हमला की दर्ज एफआईआर में पुलिस ने हत्या की धारा जोड़ी।

# पेट के कीड़े बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जनवरी।** जिला नागरिक अस्पताल में पेट के कीड़ों (आंतों के परजीवी) से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। खासतौर पर बच्चों और महिलाओं में इस समस्या के कारण एनीमिया, कमजोरी, थकान और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा जैसी परेशानियां सामने आ रही हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना ऐसे मरीज परामर्श के लिए पहुंच रहे हैं। सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश गुप्ता ने बताया कि पेट के कीड़े शरीर में पोषक तत्वों को अवशोषित कर लेते हैं, जिससे खून की कमी, वजन न बढ़ना, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और बच्चों में पढ़ाई व विकास पर असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह समस्या अधिकतर साफ-सफाई की कमी, दूषित पानी पीने, बिना हाथ धोए भोजन करने, खुले में शौच, अधपका या संक्रमित भोजन खाने से फैलती है। डॉ. योगेश गुप्ता ने सलाह दी कि लोग उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं, भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोएं, फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर पकाएं और बच्चों को समय-समय पर कृमिनाशक दवा चिकित्सकीय सलाह से दें।

# वीनस ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में वापसी का कारण बताया



**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 06 जनवरी।** इस साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 18 जनवरी 2026 से खेला जाएगा। इसमें 45 साल की अमेरिकी महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स पर सबकी नजरें रहेंगी। वीनस इस टूनोमेंट में उतरने वाली सबसे उम्रदराज खिताड़ी रहेंगी। वीनस ने कहा है कि 45 साल की उम्र में भी वापसी वह इसलिए कर रही हैं क्योंकि उनके अंदर अभी भी खेल को लेकर उत्साह है। वीनस ने कहा कि वह खेलने के लिए नहीं, बल्कि अच्छे स्तर का टेनिस दिखाने के लिए कोर्ट पर उतर रही हैं। वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्डकार्ड के जरिये प्रवेश मिला है और इसके साथ ही वह टूनामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। मेलबर्न में वह पांच साल बाद वापसी कर रही हैं।

सात बार कि ग्रैंड स्लैम वीनस ने हालांकि कहा कि अब वह रिकार्ड के लिए नहीं बल्कि अपनी खुशी के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा, अब मैं रिकॉर्ड्स के पीछे नहीं भागती। मेरा लक्ष्य खुश रहना है और अपने को चुनौती देना है। कठिन हालातों को अपने अनुकूल बनाना ही चैंपियंस की पहचान होती है। उन्होंने आगे जोड़ा कि इतनी लंबी दूरी तय कर टूनामेंट खेलने आने का मतलब ही है कि उनके भीतर अब भी जीतने की भूख मौजूद है। इस खिलाड़ी ने कहा मैं केवल भाग लेने नहीं बेहतर प्रदर्शन के इरादे से यहां आयी हूं। वीनस का मानना है कि टेनिस से उन्हें फिटनेस बनाये रखने में भी लाभ हुआ है। उन्होंने कहा टेनिस में काफी उर्जा खर्च होती है जिससे फिटनेस बेहतर होती है। अगर फिट रहना है, तो खेलते रहना होगा। वीनस ने इससे पहले 2003 और 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन एकल खेला था। इसके अलावा, उन्होंने बहन सेरेना के साथ चार बार ऑस्ट्रेलियन ओपन युगल का खिताब भी जीता है।



# विराट के पास सबसे तेजी से 28000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने का सुनहरा अवसर

» **मुम्बई , यूटर्न/ 06 जनवरी।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में सबसे तेज 28000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने का अवसर है। इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए विराट को केवल 25 रनों की जरुरत है। ऐसे में विराट अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ अगर पहले ही मैच में 25 रन बना लेते हैं तो उनके 28000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे हो जाएंगे। इसके अलावा विराट इस सीरीज में विराट कोहली सबसे तेज 28000 अंतरराष्ट्रीय रन का सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं। विराट ने अब तक टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 27975 रन अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाये हैं। हैं। वहीं कोहली को 28000 रन पूरे करने के लिए केवल 25 रनों की जरूरत जो वह पहले ही मैच में भी बना सकते है। ये आंकड़ा हासिल करते ही विराट 28000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले विश्व के तीसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। वह यहां तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले बल्लेबाज बन जाएंगेचिन गौरतलब है कि तेंदुलकर ने 644 पारियों में 28 हजार रन के आंकड़े को पूरा किया था जबकि कुमार संगाकारा ने यह कीर्तिमान 666 पारियों में किया था। वहीं विराट अगर पहले ही मैच में 25 रन बनाते हैं तो वे 624 पारियों में ही 28000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। विराट इन दिनों जिस प्रकार से लय में है उससे तय है कि वह पहले ही मैच में ये रन बना लेंगे। ऐसे में पहले ही मैच पर प्रशंसकों की नजरें रहेंगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली एकदिवसीय सीरीज में उन्होंने 302 रन बनाये थे। इसके अलावा हाल में उन्होंने घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।




# पुराने दिनों को याद कर भावुक हुई कविता कौशिक

टीवी अभिनेत्री कविता कौशिक ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने जीवन के उन पुराने रूपों को याद किया। ।पोस्ट का शीर्षक था मेरे वो रूप जिन्हें मैं आज भी याद करती हूं। इस पोस्ट में कविता ने अपने निजी अनुभवों और जीवन में आए बदलावों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि समय, अनुभव और परिस्थितियों ने उन्हें बदल दिया है। कविता ने लिखा, मैं अपनी जिंदगी के कुछ हिस्सों को पीछे छोड़ चुकी हूं, लेकिन उनकी यादें आज भी मेरे दिल में जिंदा हैं। जब पापा साथ थे, तब बेफिक्र थी। पिता का साया खोना किसी भी इंसान के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आता है।

कविता ने अपने पुराने रूपों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें वह शांत और कोमल लड़की याद आती है, जो स्कूल की यूनिफॉर्म के पीछे छिपी रहती थी और जिसे कोई ठीक से नहीं समझ पाया। साथ ही वह छोटी सी बच्ची भी उन्हें याद आती है, जिसे बस खेल-कूद में मजा आता था और जो जिंदगी की जिम्मेदारियों से बेफिक्र थी। इसके अलावा, कविता ने अपने भीतर की निडर और साहसी लड़की को भी याद किया, जो बिना सोचे-समझे जोखिम लेने का हौसला रखती थी। उन्होंने लिखा, कभी मेरे अंदर ऐसा आत्मविश्वास था कि मैं दुनिया में कुछ भी कर सकती हूं, लेकिन अब मैंने इन सभी रूपों को अलविदा कह दिया है।



# भाभीजी घर पर हैं 2 .0 में डबल रोल पर बोलीं शिल्पा शिंदे , मेरे लिए यह चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों

टीवी के लोकप्रिय शो भाभीजी घर पर हैं 2.0 की चर्चा तेज है। हंसी-मजाक के लिए मशहूर यह शो अब एक भूतिया कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने जा रहा है। कॉमेडी और हॉरर का यह अनोखा मेल न सिर्फ कहानी को नया रंग देगा, बल्कि किरदारों को भी बिल्कुल अलग अंदाज में पेश करेगा। इस नए ट्रैक में विभूति नारायण मिश्रा, अनीता भाभी, तिवारी और अंगूरी भाभी की जिंदगी में अचानक अजीब और डरावनी घटनाएं होने लगती हैं। घर, गली और पूरा घूंघटगंज किसी रहस्यमयी माहौल में बदल जाता है। कभी अचानक आवाजें आती हैं, तो कभी अजीब हरकतें देखने को मिलती हैं। इन सबके बीच कॉमेडी का तड़का कहानी को हल्का और मजेदार बनाए रखता है।

इस पूरे ट्रैक की सबसे बड़ी खासियत शिल्पा शिंदे का डबल रोल है। एक तरफ वह हमेशा की तरह मासूम, भोली और प्यारी अंगूरी भाभी के रूप में नजर आएंगी, वहीं दूसरी तरफ वह विद्या नाम की एक रहस्यमयी आत्मा का किरदार निभा रही हैं। विद्या ही उन सारी भूतिया घटनाओं की वजह है, जो शो में उथल-पुथल मचाती हैं। एक ही कलाकार को दो बिल्कुल अलग रूपों में देखना दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प अनुभव होने वाला है।

शिल्पा शिंदे ने अपनी खुशी भी जाहिर करते हुए कहा, घूंघटगंज का यह नया ट्रैक रहस्य, ह्यूमर और चौंकाने वाले ट्विस्ट से भरा हुआ है। यह कहानी कॉमेडी और हॉरर का ऐसा मेल है, जो दर्शकों को शुरू से आखिर तक बांधे रखेगा। अंगूरी भाभी के किरदार में जो सच्चाई और मासूमियत है, वही उसे दर्शकों के दिलों से जोड़ती है और इस किरदार में लौटना मेरे लिए बहुत खास अनुभव है।

उन्होंने कहा, अंगूरी और विद्या दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। अंगूरी जहां सीधी-सादी, भोली और हमेशा खुश रहने वाली महिला है, वहीं विद्या एक गंभीर और रहस्यमयी आत्मा है। यही फर्क इस डबल रोल को चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बनाता है। एक तरफ जाना-पहचाना किरदार और दूसरी तरफ बिल्कुल नया रूप, यह संतुलन बनाना मेरे लिए एक खास अनुभव रहा है।

शिल्पा ने कहा, अंगूरी भाभी जहां दर्शकों को हंसाती हैं और हल्कापन लाती हैं, वहीं विद्या का किरदार कहानी में गहराई और रहस्य जोड़ता है। विद्या के किरदार के पीछे एक भावनात्मक कहानी छुपी है। वह न्याय और शांति के बीच फंसी हुई आत्मा है, जो अपने कातिल को ढूंढना चाहती है और इंसाफ चाहती है। इसी वजह से उसका किरदार भावुक भी है और ताकतवर भी। भाभीजी घर पर हैं 2.0 का यह नया भूतिया ट्रैक दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ एक रहस्यमयी कहानी से भी जोड़ता है।

कॉमेडी, हॉरर और इमोशन का यह शो ह्यएंड टीवीह्न चैनल पर रात 10:30 बजे प्रसारित होता है।

# मोहम्मद शमी और उनके भाई को एसआईआर मामले में चुनाव आयोग का नोटिस, 9 से 11 जनवरी के बीच सुनवाई

» **कोलकाता, यूटर्न/ 06 जनवरी।**




भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चुनाव आयोग ने मोहम्मद शमी और उनके भाई क्रिकेटर मोहम्मद कैफ को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए बुलाया है। इस प्रक्रिया की शुरूआत 16 दिसंबर को हुई थी। साउथ कोलकाता के जादवपुर इलाके के कार्टजू नगर स्कूल से सोमवार को नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के सामने पेश होने का आदेश दिया गया। विजय हजारे ट्रॉफी में पश्चिम बंगाल की टीम की तरफ से खेलने के कारण मोहम्मद शमी तय समय पर सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हो सके। इस समय वह राजकोट में हैं। शमी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अपने उपस्थित न रहने की वजह बताई थी। उन्होंने लिखा, मैं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में 05 जनवरी 2026 को आपके कार्यालय में मेरी उपस्थिति के संबंध में प्राप्त नोटिस के संदर्भ में लिख रहा हूं। मैं आपको सम्मानपूर्वक सूचित करना चाहता हूं कि घरेलू क्रिकेट मैचों में मेरी वर्तमान भागीदारी की वजह से, मैं आधिकारिक तौर पर बंगाल राज्य टीम का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, मैं उल्लिखित तारीख और समय पर निर्धारित सुनवाई में शामिल नहीं हो पाऊंगा।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## अमेरिका की तरह चीन भी ताइवान पर करेगा कब्जा, पूर्व अमेरिकी एनएसए ने दिया जवाब

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद भारत पर एक बार फिर से टैरिफ लगाने की धमकी दी। अमेरिका ने जिस तरह से वेनेजुएला के खिलाफ कार्रवाई की, उसको लेकर बड़ा प्रश्न चिन्ह यह है कि क्या ट्रंप दुनिया के किसी अन्य देश के साथ भी ऐसा कर सकते हैं या अमेरिका के नक्शे कदम पर चलते हुए चीन भी ताइवान पर अपना कब्जा कर सकता है? आइए जानते हैं कि इस पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन की क्या राय है?

पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने ट्रंप की तरफ से भारत को लेकर की गई टिप्पणी पर आईएएनएस से कहा, ह्लमुझे लगता है कि काफी समय से यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा है कि बातचीत पूरी होने से पहले ही भारत के खिलाफ टैरिफ की घोषणा कर दी गई, लेकिन चीन या तुर्किये या किसी और पर रूसी तेल खरीदने के लिए टैरिफ लगाना दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। मैं चाहता हूं कि रिश्ते फिर से करीबी हों क्योंकि चीन की दबदबे की चाहत के बारे में चिंता करने में हमारा आपसी हित है।

क्या ट्रंप दुनिया के अन्य देशों के साथ भी ऐसा कर सकते हैं? इस पर अमेरिका के पूर्व एनएसए ने कहा, ह्लयहां के हालात याद रखें। यह ऐसी स्थिति है, जहां मादुरो ने 2024 का



चुनाव धांधली से जीता। विपक्षी नेता, मारिया कैरिना मचाडो, ने मादुरो को सत्ता में बने रहने से रोकने की कोशिश के लिए नोबेल शांति पुरस्कार जीता। यह बहुत कुछ वैसा ही है, जैसा 1990 में हुआ था, जब पनामा के चुने हुए राष्ट्रपति, गुइलेर्मो अंडारा, ने अमेरिका से तानाशाह मैनुअल नोरिएगा के खिलाफ दखल देने के लिए कहा था।

उन्होंने कहा, एक नेता को पकड़ना तब अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं है जब नेता नाजायज हो। यह तब नहीं जब नेता ने हमला या दूसरे ऐसे काम किए हों, जो अमेरिका की सुरक्षा और स्थिरता को खतरे में डालते हों। दूसरे लोग दावा कर सकते हैं कि वे भी यही कर रहे हैं, लेकिन आपको उस दावे को फैक्ट्स के आधार पर सही ठहराना होगा। सिर्फ वेनेजुएला में जो कुछ है, उसकी वजह से रूस का यूक्रेन पर हमला करना सही नहीं है। यह बिल्कुल अलग स्थिति है। वह बिना किसी उकसावे के किया गया हमला था। ताइवान पर चीन के हमले को उन्हीं वजहों से सही नहीं ठहराया जा सकता।उन्होंने कहा, ह्लचीन ने यह साफ कर दिया है कि वे ताइवान को धमका रहे हैं। वे लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। ताइवान के लोगों ने बार-बार आजाद और निष्पक्ष चुनावों में अपनी बात रखी है। वे मेनलैंड में वापस शामिल नहीं होना चाहते। वे अब खुद को चीनी नहीं मानते, जैसा कि ताइवान में हुए कई सर्वे से साबित हुआ है। यह एक आजाद और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है और मुझे लगता है कि ताइवान के लोगों को खुद पर राज करने का हक है ह्व

उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि चीन की ये धमकियां अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए असली खतरा हैं।


दूसरी ओर, वेनेजुएला पर कब्जा करने के बाद, अब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड पर कब्जा करने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने खुद यह टिप्पणी की है। इसे लेकर जॉन बोल्टन ने कहा, ह्लइसे ही हम अमेरिका में ट्रोलिंग कहते हैं। ट्रंप का मोलभाव करने का तरीका है। कुछ अजीब कहना और लोगों को चौंकाना, और फिर अगर उन्हें अपनी मांगी हुई रकम का 30 फीसदी मिल जाए तो वे खुश हो जाते हैं। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बिल्कुल भी सोचा नहीं जा सकता कि वे ग्रीनलैंड के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल करेंगे। अगर उन्होंने ऐसा किया, तो यह अमेरिका के लिए एक बहुत बड़ी गलती होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से छह लोगों की मौत

**काहिरा, यूटर्न/ 06 जनवरी।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक जांच का आदेश दिया है।

### जापान के पूर्वी शिमाने प्रांत में महसूस किये गये भूकंप के तेज झटके



**टोक्यो, यूटर्न/ 06 जनवरी।** जापान के पूर्वी शिमाने प्रांत में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। जापान मौसम एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10 बजकर 18 मिनट पर आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गयी। भूकंप के बाद हालांकि सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गयी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 35.3 डिग्री उत्तर अक्षांश और 133.2 डिग्री पूर्व देशांतर पर पूर्वी शिमाने प्रांत में जमीन की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। जेएमए के अनुसार भूकंप के लिए शुरूआती चेतावनी जारी की गयी थी।

## नामीबिया के रेगिस्तान में दबा मिला 500 साल पुराना खजानों से लदा जहाज

» **विंडहोक, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

भारत आ रहा खजाने से लदा जहाज 5 सौ साल पहले नामीबिया के रेगिस्तान में दफन हो गया था, जो अब जाकर बरामद हुआ है। नामीबिया के रेगिस्तान में हीरों की खुदाई के दौरान मजदूरों को रेत के नीचे से अजीब-सी ठक-ठक की आवाज सुनाई देने लगी। शुरूआत में इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज किया गया, लेकिन जब खुदाई आगे बढ़ी तो धीरे-धीरे रेत के नीचे छिपा 500 साल पुराना एक ऐसा खजाना सामने आया, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। यह खोज नामीबिया के ओरान्जेमुंड इलाके में हुई, जहां हीरा खनन कंपनी नामदेब की ओर से खुदाई का काम चल रहा था। मजदूर जब गहराई में पहुंचे तो उन्हें लकड़ी के अजीब ढांचे जैसे टुकड़े दिखाई दिए, जिनमें जगह-जगह तांबे के हिस्से भी जुड़े हुए थे। शुरूआती तौर पर कर्मचारियों को यह बेकार का मलबा लगा और कुछ टुकड़ों को किनारे कर दिया गया। लेकिन जैसे-जैसे खुदाई आगे बढ़ी, वहां से हाथी दांत और चमकदार सिक्के मिलने लगे। तेज धूप में जब इन सिक्कों पर रोशनी पड़ी तो उनकी चमक ने सभी को हैरान कर दिया और तभी एहसास हुआ कि वे किसी साधारण चीज नहीं, बल्कि एक बड़े खजाने के करीब पहुंच चुके हैं। सूचना मिलते ही पुरातत्वविदों और विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। पड़ताल में सामने आया कि यह अवशेष 16वीं सदी के एक पुर्तगाली जहाज के हैं, जिसका नाम बॉम जीसस या गुड जीसस बताया गया। यह जहाज वर्ष 1533 में पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन से भारत के लिए रवाना हुआ था। इसका उद्देश्य भारत से मसाले और रेशम लाना और बदले में सोना-चांदी व अन्य कीमती सामान पहुंचाना था।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में एक थाई सैनिक घायल

**बैंकॉक, यूटर्न/ 06 जनवरी।** थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया है। थाईलैंड की सेना ने कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे उबोन रात्चाथानी प्रांत के नाम यूएन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक धमाका हुआ। थाईलैंड के दूसरी एरिया कमान ने एक बयान में बताया कि धमाके में एक थाई सैनिक घायल हो गया, जिसके दाहिने हाथ में छर्रे लगे हैं, हालांकि सैनिक की जान को खतरा नहीं है। कमान ने बताया कि धमाके के कारण की जांच अभी चल रही है। उसने सभी अधीनस्थ इकाइयों को संचालन तैनाती के दौरान सेना के लोगों और रहने वालों की सुरक्षा के लिए सावधानी बढ़ाने का आदेश दिया है और कहा कि जरूरी अपडेट समय पर जारी किए जाएंगे। कमान ने आज पहले सोशल मीडिया पर कहा कि कंबोडिया ने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे सीमा इलाके में मोर्टार राउंड फायर करके युद्धविराम समझौता तोड़ा, जिससे एक थाई सैनिक घायल हो गया।

## बंगलादेश में एक और हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका, यूटर्न/ 06 जनवरी।** बंगलादेश में जेसोर के मनीरामपुर इलाके में कुछ हमलावरों ने एक बंगलादेशी हिंदू कारोबारी को गोली मार दी। यह घटना सोमवार शाम को उस समय हुई जब मनीरामपुर के कपालिया बाजार में एक बर्फ बनाने की फैक्ट्री के मालिक राणा प्रताप बैरागी (38) को पास से गोली मार दी गई। जेसोर के केशबपुर उपज़िला के अरुआ गांव के तुषार कांति बैरागी के बेटे राणा प्रताप बैरागी नरेल से प्रकाशित होने वाले ह्लदैनिक बीडी खबरह्व अखबार के कार्यकारी संपादक भी थे। स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसार, राणा प्रताप बैरागी मनीरामपुर उपज़िला के कपालिया बाजार में अपनी बर्फ मिल में थे। इसी दौरान तीन लोग मोटरसाइकिल पर आए और उन्हें कपालिया क्लिनिक और डायग्नोस्टिक सेंटर के सामने सड़क पर ले गए। इसके बाद बदमाशों ने उन्हें पास से सिर में गोली मार दी और भाग गए।बैरागी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद कपालिया बाजार और आसपास के इलाकों में आम लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर मनीरामपुर पुलिस थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार बैरागी के खिलाफ अभयनगर पुलिस थाने में एक और केशबपुर पुलिस थाने में तीन मामले दर्ज थे, हालांकि इन मामलों का विवरण तुरंत पता नहीं चल सका। मनीरामपुर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि बैरागी की सिर में तीन गोलियां मारकर हत्या की गई और उनका गला भी काटा गया। अधिकारी ने बताया कि शव को बरामद करने और पोस्टमॉर्टम के लिए जेसोर के 250 बेड वाले जनरल अस्पताल भेजा जायेगा। उनकी हत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गाम्बिया में नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 पहुंची

**बांजुल, यूटर्न/ 06 जनवरी।** गाम्बिया के तट पर 31 दिसंबर को नाव पलटने के हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गयी है। गाम्बिया आव्रजन विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाव में लगभग 200 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर की देर रात गाम्बिया के उत्तरी तट क्षेत्र से स्पेन के कैनरी आइलैंड्स की ओर रवाना हुयी एक नाव कुछ ही समय बाद पानी के नीचे एक रेत के टीले से टकरा गई और पलट गई। विज्ञप्ति में कहा गया कि घटना की सूचना मिलने पर गाम्बिया की नौसेना ने स्थानीय मछली पकड़ने वाली नाव की मदद से तलाशी एवं बचाव अभियान चलाया। विभाग ने बताया कि रविवार तक, गाम्बिया में 15 और पड़ोसी सेनेगल में 16 शव बरामद किए और कई दूसरे लोग अभी भी लापता हैं और उनके मारे जाने की आशंका है।

## बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ रही हिंसा: 24 घंटों में दो और हत्याओं से दहशत

» **ढाका, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ जारी हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटों के भीतर दो हिंदू व्यक्तियों की नृशंस हत्याओं ने पूरे देश में सांप्रदायिक तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। ताजा घटनाओं में एक किराना व्यवसायी और एक बर्फ फैक्ट्री के मालिक सह पत्रकार को निशाना बनाया गया है। ये हत्याएं पिछले 18 दिनों में हिंदू समुदाय के सदस्यों की लक्षित हत्याओं (टारगेट किलिंग) की श्रृंखला की छठी कड़ी हैं, जिसने स्थानीय अल्पसंख्यकों के बीच असुरक्षा और भय की गहरी लहर पैदा कर दी है। पहली घटना सोमवार रात करीब 10 बजे नरसिंगडी जिले के पलाश उपजिला स्थित चोरसिंदूर बाजार में घटी। यहाँ अपनी किराना दुकान चलाने वाले 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि (जिन्हें मोनी चक्रवर्ती के नाम से भी जाना जाता है) पर अज्ञात हमलावरों ने उस समय हमला



किया जब वे दुकान पर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने धारदार हथियारों से उन पर ताबड़तोड़ प्रहार किए और फरार हो गए।

गंभीर रूप से घायल मणि को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजधानी ढाका के इतने निकट हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह हमला पूरी तरह से धार्मिक पहचान के कारण किया गया था। इससे कुछ ही घंटे पहले सोमवार शाम करीब 6 बजे जशोर जिले के मणिरामपुर उपजिला में एक अन्य सनसनीखेज वारदात हुई।

## अमेरिका में मृत मिली निकिता के पिता ने मीडिया रिपोर्ट्स को किया खारिज

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 06 जनवरी।** अमेरिका में एक अपार्टमेंट से मृत मिली भारतीय मूल की 27 वर्षीय निकिता गोडिशला के पिता आनंद गोडिशला ने मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स को खारिज किया है, जिसमें मुख्य आरोपी अर्जुन शर्मा को निकिता का एक्स बॉयफ्रेंड बताया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अर्जुन निकिता का पूर्व प्रेमी नहीं, बल्कि उसका रूममेट था। साथ ही उन्होंने हत्या के पीछे की असली वजह पैसों से जुड़ा विवाद बताया है। गौरतलब है कि मैरीलैंड के अपार्टमेंट में रविवार को निकिता का शव बरामद हुआ था। वह बीते कई दिनों से लापता थी। पुलिस के अनुसार, उसके शरीर पर चाकू से हमला किए जाने के निशान मिले हैं। इस मामले में 26 वर्षीय अर्जुन के खिलाफ फर्स्ट और सेकंड डिग्री मर्डर के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस का दावा है कि हत्या के बाद आरोपी भारत भाग गया।

## इजरायल ने लेबनान में हवाई हमले, इमारतें निशाना

» **बेरुत, यूटर्न/ 06 जनवरी।**

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच इजरायली सेना ने एक बार फिर लेबनान के विभिन्न हिस्सों पर भीषण हवाई हमले किए हैं। दक्षिण और पूर्वी लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इन हमलों में हिज्बुल्लाह और हमास के ठिकानों को ध्वस्त करने का दावा किया गया है। इजरायली लड़ाकू विमानों ने साइदा प्रांत के अल-घाजियेह क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख व्यावसायिक इमारत पर दो मिसाइलें दागीं, जिससे वहां भारी तबाही हुई है। यह सैन्य कार्रवाई इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच हुए एक साल पुराने संघर्ष विराम समझौते के बावजूद



की गई है, जिससे क्षेत्र में युद्ध की स्थिति दोबारा पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। हमले से पहले इजरायली सेना ने लेबनान के चार प्रमुख क्षेत्रों-दक्षिण में कफर हट्टा और अन्नान, तथा पूर्व में अल-मनारा और ऐन अल-तिनेह के लिए चेतावनी जारी की थी। चेतावनी के बाद इन इलाकों से दर्जनों परिवारों ने अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन किया। हमलों की तीव्रता को देखते हुए एम्बुलेंस और दमकल विभाग की टीमें स्टैंडबाय पर रखी गई थीं।

इजरायली रक्षा अधिकारियों का तर्क है कि आतंकी समूह इन नागरिक गांवों और रिहायशी इमारतों को इजराइल पर हमले के लिए बेस के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। रिपोर्टों के अनुसार, पूर्वी लेबनान के अल-मनारा क्षेत्र में हमास के पूर्व नेता शरहाबिल सैयद के घर को भी निशाना बनाया गया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *